
MPHIN/2021/83938



# दैनिक पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल



ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 185 | ग्वालियर, 15 मार्च शुक्रवार 2024 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए

## न्यूज ट्रैक

### पवन सिंह ने बताया कौन सी पार्टी से लड़ेंगे चुनाव, कहा- जल्द लूंगा फैसला



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर देश का सियासी माहौल काफी गर्म है. इस बीच पश्चिम बंगाल की आसनसोल सीट से चुनाव लड़ने से इनकार कर चुके भोजपुरी स्टार और सिंगर पवन सिंह को लेकर बड़ी खबर सामने आई है. दरअसल, पवन सिंह ने उन सभी अटकलों को खारिज कर दिया है, जिसमें उनकी आरजेडी के टिकट पर चुनाव लड़ने की संभावना जताई जा रही थी. एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार पवन सिंह ने कहा कि आरजेडी से चुनाव लड़ने का सवाल ही पैदा नहीं होता. उन्होंने कहा कि मैं बीजेपी का कार्यकर्ता हूं और मेरे बारे में भ्रामक खबरें उड़ाई जा रही हैं.

#### बीजेपी के टिकट पर ही लोकसभा चुनाव लड़ेंगे

एक्टर पवन सिंह ने आगे कहा कि वह पिछले 10 सालों से भारतीय जनता पार्टी के बारे में सोचते हैं और हर हाल में बीजेपी के टिकट पर ही लोकसभा चुनाव लड़ेंगे. इस बार में अभी बीजेपी आलाकमान से बातचीत चल रही है. पवन सिंह ने कहा कि वह चुनाव को लेकर जल्द ही फैसला लेंगे. इससे पहले बुधवार को पवन सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट शेयर की थी, जिसमें उन्होने लोकसभा चुनाव लड़ने का ऐलान किया था. उन्होंने एक्स पर लिखा था कि वह निश्चित रूप से चुनाव लड़ेंगे. जानकारों की मानें तो पवन सिंह बिहार की आरा लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने का मन बना रहे हैं.

#### आसनसोल से चुनाव लड़ने के किया था मना

आपको बता दें कि भारतीय जनता पार्टी की पहली लिस्ट में पवन सिंह को पश्चिम बंगाल की आसनसोल लोकसभा सीट से टिकट दिया गया था. बीजेपी ने पवन सिंह को यहां से तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार बिहारी बाबू शत्रुघ्न सिन्हा के सामने टिकट दिया था. लेकिन पवन सिंह ने अगले दिन ही आसनसोल सीट से चुनाव लड़ने से मना कर दिया था. उन्होंने बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा को टैग कर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर चुनाव न लड़ने की बात कही थी. हालांकि उन्होंने इसके लिए बीजेपी नेतृत्व के लिए आभार व्यक्त किया था.

### दो नए इलेक्शन कमिश्नर नियुक्त

**नई दिल्ली।** देश को दो नए इलेक्शन कमिश्नर मिल गए हैं. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली कमेटी ने दो नाम तय किए है. इसमें केरल के रहने वाले ज्ञानेश कुमार और पंजाब के रहने वाले सुखबीर सिंह संधु को नया निर्वाचन आयुक्त बनाया गया है. चयन समिति के सदस्य लोकसभा में कांग्रेस लीडर अधीर रंजन चौधरी ने मीटिंग के बाद कहा कि कमेटी के सामे 6 लोगों के नाम सामने आए थें.

## रेहड़ी-पटरी वाले साथियों के ठेले दुकान

# भले छोटे हों, लेकिन इनके सपने बड़े होते हैं: पीएम

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली मेट्रो रेल प्रोजेक्ट (फेज-4) के दो अतिरिक्त कॉरिडोर की आधारशिला रखी. इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम पहुंचे. पीएम मोदी यहां स्वनिधि योजना के लाभार्थियों को संबोधित करेंगे. आपको बता दें कि मोदी कैबिनेट में दिल्ली के दो मेट्रो कॉरिडोर बनाने का ऐलान किया गया था. इस क्रम में प्रधानमंत्री मोदी दिल्ली मेट्रो के चौथे चरण के दो अतिरिक्त कॉरिडोर की आधारशिला रखी. इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि रेहड़ी-पटरी वाले साथियों के ठेले, दुकान भले छोटे हों, लेकिन इनके सपने बड़े होते हैं. अतीत में पहले की सरकारों ने इन साथियों की सुध तक नहीं ली, इनको अपमान सहना पड़ता था, ठोकरें खाने के लिए मजबूर होना पड़ता था. फुटपाथ पर सामान बेचते हुए पैसों की जरूरत पड़ जाती थी, तो मजबूरी में महंगे ब्याज पर पैसा लेना पड़ता था. बैंक से इनको लोन ही नहीं मिलता था. आपका ये सेवक गरीबी से निकलकर यहां पहुंचा है, मैं गरीबी को जी करके यहां आया



हूं. इसलिए जिसको किसी ने नहीं पूछा, उसको मोदी ने पूछा भी है और पूजा भी है. अगर आपके पास गारंटी देने के लिए कुछ नहीं तो चिंता मत कीजिए...मोदी आपकी गारंटी लेता है.

पीएम मोदी ने कहा कि पीएम स्वनिधि योजना मोदी की ऐसी ही गारंटी है, जो आज रेहड़ी-पटरी, ठेले और ऐसे छोटे-छोटे काम करने वाले लाखों परिवारों की संबल बनी है.मोदी ने तय किया कि बैंकों से सस्ता लोन मिले और मोदी की गारंटी पर मिले. पीएम मोदी ने कहा कि अभी तक देश के 62 लाख लाभार्थियों को लगभग 11 हजार करोड़ रुपए मिल चुके हैं और अब तक का मेरा अनुभव है कि समय पर वो पैसे भी लौटाते हैं. मुझे खुशी है कि पीएम स्वनिधि के लाभार्थियों में आधे से अधिक हमारी माताएं-बहनें हैं. स्वनिधि योजना की वजह से रेहड़ी-फुटपाथ-ठेले पर काम करने वालों की कमाई बढ़ गई है. खरीद-बिक्री का डिजिटल रिकॉर्ड होने की वजह से अब बैंकों से मदद मिलने में भी आसानी हो गई है.

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सरकार का ये निरंतर प्रयास है कि गरीब और मिडिल क्लास के युवा, खेलकूद में आगे बढ़ें. इसके लिए बीते 10 वर्षों में हमने हर स्तर पर माहौल बनाया है. कामकाजी साथियों के लिए शहरों में नया राशन कार्ड बनाना पहले कितनी बड़ी चुनौती थी. मोदी ने आपकी इस परेशानी को दूर करने के लिए बहुत महत्वपूर्ण कदम उठाया है, इसलिए एक देश, एक राशन कार्ड योजना बनाई गई है. इसी तरह देश में जो 4 करोड़ से अधिक घर बने हैं, इनमें करीब 1 करोड़ घर शहरी गरीबों को मिल चुके हैं. हाल ही में भारत सरकार ने पीएम सूर्य घर...मुफ्त बिजली योजना भी शुरू की है. इस योजना के तहत छत पर सोलर पैनल लगाने के लिए सरकार पूरी मदद करेगी. इससे 300 यूनिट तक फ्री बिजली मिलेगी. सरकार इस योजना पर 75 हजार करोड़ रुपए खर्च करने जा रही है.

## आप ने पंजाब में 5 मंत्रियों को दिया टिकट



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव में अब महीने भर का समय बचा है. राजनीतिक पार्टियां अपने-अपने उम्मीदवारों की लिस्ट जारी कर रही है. इसी कड़ी में आम आदमी पार्टी ने पंजाब में दूसरी लिस्ट जारी कर दी है. इसमें 5 कैबिनेट मंत्रियों को टिकट दिया गया है. 13 लोकसभा सीट वाले पंजाब में पार्टी ने अभी तक 8 उम्मीदवारों के नामों का ऐलान कर दिया है. जिन मंत्रियों को लोकसभा का टिकट मिला है उनमें, भटिंडा से गुरमीत सिंह खूड़ियां, अमृतसर से कुलदीप सिंह धालीवाल, खंडूर साहिब से लालजीत सिंह भुल्लर, संगरूर से गुरमीत सिंह मीत हायर और पटियाला से डॉक्टर बलबीर सिंह को मैदान में उतारा गया है. इनके अलावा जालंधर से मौजूदा सांसद सुशील कुमार रिंकू को उम्मीदवार बनाया गया है . फतेहगढ़ साहिब से गुरप्रीत सिंह और फरीदकोट से करमजीत अनमोल को टिकट मिला है.

## देश को मिले दो नए चुनाव आयुक्त, बैठक के बाद अधीर रंजन चौधरी ने किया नामों का खुलासा



**नई दिल्ली।** दो चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के लिए गुरुवार को बैठक हुई. बैठक की अध्यक्षता पीएम मोदी ने की. इस बैठक के तुरंत बाद कांग्रेस और सदन में विपक्ष के नेता अधीर रंजन चौधरी ने दोनों चुनाव आयुक्तों के नाम का खुलासा किया. उन्होंने कहा कि देश को नए दो चुनाव आयुक्त मिल गए. उन्होंने चुनाव आयोग के ऐलान से पहले दोनों चुनाव आयुक्तों के नाम का भी खुलासा किया. उन्होंने दावा किया कि ज्ञानेश कुमार और बलविंदर संधू चुनाव आयुक्त चुने गए हैं. अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि केरल के ज्ञानेश कुमार और पंजाब के बलविंदर संधु का नाम चुनाव आयोग के लिए तय हुआ है. मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि दो चुनाव आयुक्तों के चयन के लिए बैठक हुई थी. जिसके लिए वह चुनाव प्रचार छोड़ कर दिल्ली पहुंचे थे. ऐसा इसलिए क्योंकि लोकसभा चुनाव से पहले ये रिक्तियां नहीं होनी चाहिए थीं. उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट की सलाह के खिलाफ जाकर चयन पैनल में सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को नहीं रखा गया.


STORME SMART SOLUTIONS



अपने स्वयं की गाड़ी चलाओ पैसे कमाओ

कमायें 5000 रु. प्रति माह

अपनी गाड़ी 300 Km. चलाओ

5000/- प्रतिमाह कमाओ

9908750812, 8602854455, 9244933139

Old Railway Line, Near Sciendia Chauraha, Shatabdi Puram Gwalior, Madhya Pradesh 474020

Website : www.stormesmartsolutions.com

## शासन द्वारा समय पर परीक्षा न कराए जाने के कारण कई भू राजस्व निरीक्षक उच्च पद से हो रहे वंचित

कहते हैं कि भूखे को समय पर रोटी मिल जाए तो सूखी रोटी भी अमृत के समान लगती है पर समय निकल जाने के बाद यदि कोई कार्य होता है तो उस कार्य का कोई महत्व नहीं रहता क्योंकि गुजरा हुआ समय वापस नहीं आता यह कहावत मध्य प्रदेश शासन पर सटीक बैठती है मध्य प्रदेश शासन के नियमानुसार वरिष्ठ राजस्व निरीक्षक को 45 वर्ष की उम्र पार करने के बाद अधिकारिकता वाली परीक्षा से छूट का प्रावधान है फिर भी वरिष्ठ राजस्व निरीक्षक उच्च प्रभार के पद से वंचित रह गए हैं ऐसा परीक्षा समय पर न कराए जाने के कारण हो रहा है राजस्व निरीक्षक से नायब तहसीलदार एवं एसएलआर के पद पर प्रभारी नियुक्त करने के संबंध में मध्य प्रदेश में नियमानुसार प्रत्येक वर्ष दो बार परीक्षा कराने का प्रावधान है जो माह जनवरी एवं जून में कराई जाती है उक्त परीक्षा मध्य प्रदेश शासन द्वारा वर्ष 2016 से नियमित रूप से नहीं कराई गई है जिसके कारण कई वरिष्ठ राजस्व निरीक्षक प्रभारी पद से वंचित रह गए हैं मध्य प्रदेश शासन द्वारा वर्ष 2023 में जो परीक्षा कराई गई बो अचानक कराई गई जिसकी सूचना सभी को समय पर न होने से कई वरिष्ठ राजस्व निरीक्षक परीक्षा से वंचित रह गए उक्त परीक्षा पास न होने से कई वरिष्ठ राजस्व निरीक्षक एवं अन्य कई प्रभारी पद से वंचित रह गए हैं एवं सेवानिवृत्ति भी हो रहे हैं अगर शासन जल्द उक्त परीक्षा समय पर करा दे तो कई वरिष्ठ राजस्व निरीक्षक रिटायर होने से पहले उच्च पद का लाभ ले सकते हैं उन्हें इसका लाभ मिल सकता है अतः मध्य प्रदेश शासन को इस ओर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है

## कट्टा अडा कर लूट करने वाले 04 आरोपियों को सतना पुलिस ने किया गिरफ्तार

**पुष्पांजलि टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**
**ब्यूरो चीफ सतना**

घटना का संक्षिप्त विवरण थाना मझगवां पुलिस अपने नियमित बैंक एटीमएम चेकिंग हेतु कस्बा मझगवां मे थी इसी दौरान मध्यांचल ग्रामीण बैंक के सामने हल्ला गोहार सुनायी दिया. वहाँ पता चला की कुछ अज्ञात लोगों के द्वारा कट्टे की नोक पे लूट की वारदात करने के बाद कोठी तरफ भागे हैं. जो घटना की सूचना से तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया एवं पुलिस अधीक्षक सतना श्री आशुतोष गुप्ता के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक देहात श्री विक्रम सिंह कुशवाह व एसडीओपी चित्रकूट श्री रोहित राठौर के मार्गदर्शन मे आरोपियों की धरपक्कड हेतु पृथक पृथक पुलिस टीम बनाई जाकर तत्काल उन हथियारों से लैस अपराधियों का पीछा किया गया और अपनी जान पर खेलते हुए आरोपियों को धर दबोचा गया।

गिरफ्तार आरोपीगण-

01. नीलू बहेलिया पिता मुक्की लाल उम्र 20 साल निवासी बाबूपुर थाना उचेहरा जिला सतना
02. राजेन्द्र पारधी पिता चाली पारधी उम्र 22 साल निवासी सिंगेपुर थाना महरौनी जिला ललितपुर ( उ प्र ) हाल अमौधा थाना सिविल लाईन जिला सतना ( म प्र )
03. संजय पारधी पिता बरम सिंह उम्र 22 साल निवासी सिंगेपुर थाना महरौनी जिला ललितपुर ( उ प्र ) हाल अमौधा थाना सिविल लाईन जिला सतना ( म प्र )
04. राहुल पारधी पिता फिलिस पारधी उम्र 20 साल निवासी सिंगेपुर थाना महरौनी जिला ललितपुर ( उ प्र ) हाल अमौधा थाना सिविल लाईन जिला सतना ( म प्र )

**जप्त संपत्ति :** 01.फरियादी के दस्तावेज एवं नगदी 2500 रूपये मय बैग सहित

02. एक अदद देशी कट्टा मय 02 जिंदा कारतूस सहित



03. मोटर साईकिल क्रमांक क्क 94,श्व 4587

04. एक होण्डा कंपनी की लिवो मोटर साईकिल

कुल मशरूका कीमती करीबन 2,00,000/- रूपये का

**सराहनीय भूमिका :** थाना प्रभारी मझगवां निरी आदित्य नारायण सिंह उनि के पी वर्मा सउनि जय सिंह बांगरी प्रधान आऱक्षक ब्रम्हदत्त शुक्ला , प्रदीप वर्मा , भूपेन्द्र बागरी , आरक्षक आकाश कुशवाहा , बृजेश्वर यादव , राकेश कश्यप , रणविजय कुमार , अनुज सिंह , दिनेश परस्ते , महिला आरक्षक वर्षा उइके , सरिता साकेत एसएएफ बल से प्रधान आऱक्षक रामस्वरूप आरक्षक सचिन कुमार , रमिल दीक्षित सैनिक बेटालाल साकेत का सराहनीय योगदान रहा ।



## सर्व समाज प्रवासी स्नेह मिलन समारोह पटेल समाज भवन मै सम्पन्न हुआ




**दैनिक पुष्पाजंली टुडे**

**बेंगलूरु।** राजाराम आंजणा पटेल संघ के तत्वाधान में गुरुवार को प्रातः 10.00 बजे से मागड़ी रोड़ स्थित कर्नाटक पटेल भवन में सर्व समाज प्रवासी स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में आगामी लोकसभा चुनावों के मद्देनजर जालोर सिरोही से भाजपा प्रत्याशी लुम्बाराम चौधरी एवं बाड़मेर जैसलमेर के भाजपा प्रत्याशी केन्द्रीय कृषि राज्यमंत्री कैलाश चौधरी बेंगलूरु में प्रवासरत अपने अपने क्षेत्र के बंधुओं को पिले चावल देकर आगामी चुनाव के लिए आमंत्रित कीया। संघ के सचिव भीमाराम पटेल ने बताया कि समारोह में बेंगलूरु शहर के समस्त छतीशः कौम के प्रवासी राजस्थानी समाज बंधुओं को आमंत्रित किया गया । समारोह में राजस्थान सरकार के राज्यमंत्री के. के. बिश्नोई, मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित, जैसलमेर विधायक छोटूसिंह भाटी, पचपदरा विधायक अरुण चौधरी, जालोर भाजपा जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव, पूर्व विधायक नारायणसिंह देवल, भाजपा ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य खेमराज देसाई, किसान मोर्चा राजस्थान के उपाध्यक्ष गणपतसिंह, किसान मोर्चा भाजपा जालोर जिलाध्यक्ष धुखाराम राजपुरोहित, सिरोही के पूर्व चेयरमेन ताराराम माली, भोमिया राजपूत समाज जालोर के जिलाध्यक्ष वरदसिंह परमार, समाजसेवी अशोकसिंह सहित अनेक नेताओं ने भाग लिया। इसके अलावा बेंगलूरु दक्षिण के सांसद तेजस्वी सूर्या, बेंगलूरु सेन्ट्रल के सांसद पी.सी.मोहन, जयनगर विधायक सी.के. राममूर्ति, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा कर्नाटक के महासचिव इन्द्रकुमार नाहर, भाजपा राजस्थान प्रवासी प्रकोष्ठ कर्नाटक के अध्यक्ष रमेशकुमार चौधरी सहित अनेक स्थानीय नेताओं ने भी समारोह में भाग लिया। इस कार्यक्रम में संस्था के उपाध्यक्ष कलाराम चौधरी, सचिव भीमाराम पटेल एवं जैन समाज के के.के. भंसाली ने भी संबोधित किया और बताया कि लगभग एक हजार से अधिक राजस्थान प्रवासी बंधुओ ने भाग लिया। सभी ने बताया कि हमे कमल के फूल का बटन दबाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को चार सौ से पार से विजय दिलाना है । इस कार्यक्रम मे उपाध्यक्ष लक्ष्मण, कोषाध्यक्ष मंगलाराम, सह कोषाध्यक्ष मांगीलाल, खीमाराम, केवलराम, अशोक कुमार, प्रेमराज, पूनमाराम,ठाकराराम, राजुराम, गणेशाराम, मूलाराम, महेश, कूपाराम, रूपाराम, चेलाराम, लीलाराम, पूनाराम, वीरमाराम, जोगाराम, रमेश कुमार, गोविंद, वालाराम, नाथूराम, धनाराम, जगाराम एवं सर्व समाज के अनेक गणमान्य प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## प्रेस्टीज इंदौर अंतरराष्ट्रीय फ़िल्मि महोत्सव में अभिनेता अन्नू कपूर और ब्रिजेंद्र काला हुए शामिल

प्रेस्टीज इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च द्वारा आयोजित इंदौर इंटरनैशनल फ़िल्मि फेस्टिवल के पहले दिन टीवी एवं फ़िल्मि जगत से जुड़े मशहूर अभिनेता एवं गायक अन्नू कपूर और जाने माने अभिनेता ब्रिजेंद्र काला ने बच्चो और पत्रकारों के साथ चर्चा की और उनके प्रश्नों के उत्तर देते हुए अपने फ़िल्मि जगत के अनुभव साझा किए । ब्रिजेंद्र काला जी ने बताया की कैसे फ़िल्मों का सफ़र शुरू किया , थिएटर में क्या गुण सीखे , इसके अलावा उन्होंने बताया कि काम आपके पास नहीं आएगा आपको काम के पीछे भागना पड़ेगा , नेपोटिज्म पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि भले ही आप स्टार के बच्चे हो आपको जाने का रास्ता आसान मिले लेकिन आपको जनता के सामने खुद को प्रूव करना पड़ेगा , वही अन्नू कपूर ने बताया कि कैसे उन्हें अन्ताक्षरी से स्टार्ट अप मिला , उन्होंने कहा बदलते समय के साथ अभिनय जगत में शब्दों और भाषा का दुरुपयोग हो रहा है , सफलता का मूल मंत्र देते हुए बताया कि यदि जीवन में सफल होना है तो सबसे पहले सफल विद्यार्थी होना और सीखना बहुत ज़रूरी है

## प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार सरकार बनाने के लिए पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ अपनी अहम भूमिका निभाए : श्रीमती संध्या राय

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

### धर्मपुरी में शहीद जितेंद्र सिंह पार्क में आयोजित शहीद दिवस कार्यक्रम के दौरान शाहिद के परिवार जनों को को किया गया सम्मानित

भिण्ड। मध्य प्रदेश भारतीय जनता पार्टी पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ द्वारा ब्रह्मपुरी में शाहिद जितेंद्र सिंह कुशवाह के शहीद दिवस का कार्यक्रम पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित किया गया जिसमें भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं सांसद पार्टी प्रत्याशी श्रीमती संध्या राय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई। कार्यक्रम के प्रारंभ में शहीद जितेंद्र सिंह पार्क में उनकी प्रतिभा पर माल्यार्पण करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की।सांसद श्रीमती संध्या राय ने पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के द्वारा आयोजित सभी दिवस पर कहा कि जितेंद्र सिंह कुशवाह ने देश की सेवा के लिए अपना बलिदान दिया है यह भूमि वीरों की है मैं उनके चरणों में सादर प्रणाम करती हूं कि भगवान उनको शांति प्रदान करें। सांसद श्रीमती राय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सैनिकों का सम्मान आगे बढ़ा




है उन्होंने कहा कि पाकिस्तान जब भारत पर आतंकी घटना फैला कर हमारे वीर सपूतों हमला करता रहा प्रधानमंत्री श्री मोदी ने सैनिकों के पूर्ण अधिकार देकर पाकिस्तान की अंदर घर में घुसकर आतंकवादियों के ठिकानों को नष्ट किया है। उन्होंने कहा की तीसरी बार केंद्र में नरेंद्र मोदी की ताकत को मजबूत करने के लिए मैं आप सभी से समर्थन मांग रही हूं और पार्टी ने मुझे प्रत्याशी बनाया है आप सभी के जन सहयोग से जन सेवा में कोई कसर नहीं छोडूंगी।उन्होंने कहा कि विकसित भारत बनाने के लिए सैनिकों की आवश्यकता है और पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के समस्त पदाधिकारी सैनिकों के बीच जन संपर्क करते हुए मोदी जी की ताकत को मजबूत करें। कहां पूर्व सैनिक संगठित होकर विकसित भारत संकल्प पत्र के लिए अपने सुझाव जो की रथ आए हुए हैं उन पर पेटी रखी है आपके मोहल्ले में आएंगे घर-घर जाएंगे वहां डाल सकेंगे। सो जाओ आप भेजेंगे उसी के आधार पर घोषणा पत्र तैयार होगा आपकी सारी समस्याओं का समाधान भी किया जाएगा। सांसद श्रीमती राय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए सबसे पहले महिलाएं एवं किसान गरीब जो कि विकास की दिशा से जोड़ने के हेतु भारत सरकार अन्य को योजनाओं को संचालित कर रही है।भाजपा जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया ने कहा कि पार्टी ने सैनिकों के मानव सम्मान को हमेशा आगे बढ़ने का काम किया। अपनी जन समस्याओं के लिए संकल्प पत्र में शामिल हो इसके हेतु सुझाव वीडियो में भेजें और मोबाइल पर भी मिस कॉल कर कर अपने सुझाव भेज सकते हैं। पार्टी प्रत्याशी संध्या राय आपके बीच हमेशा रहेगी ऐसा मैं आपको विश्वास दिलाता हूं।शहीद जितेंद्र सिंह पार्क में आयोजित शहीद दिवस में भूतपूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक सतपाल सिंह भदौरिया ने कहा कि आज हमें श्री मोदी की आवश्यकता ह

## शिवाजी पब्लिक स्कुल में छात्रों माध्यम से स्वछता का सन्देश दिया एवं स्वच्छता के बारे में जानकारी दी






**पुष्पांजली टुडे संवाददाता मालनपुर**

मालनपुर/नगर परिषद मालनपुर के संयुक्त तत्वाधान में कार्यरत गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट लिमिटेड की सहयोगी संस्था फीडबैक फाउंडेशन चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा शिवाजी पब्लिक स्कुल के छात्र/ छात्राओं में स्वच्छता की अलख जगाने के लिए स्कुल ट्रिगर÷ के माध्यम से बच्चों को कूड़ा कचरा प्रबंधन और चारों प्रकार के कूड़े कचरे के बारे में चार डस्टबिन के माध्यम से विस्तार से जानकारी दी गयी और इस कचरे से प्लांट में होने वाली समस्त उपचार प्रक्रिया को भी समझाया जा गया और छोटे स्तर पर अपने घरो में किस प्रकार होम कम्पोस्टिंग कर सकते है यह भी बताया गया इस स्कुल ट्रिगर के साथ में बच्चों की हाथ धुलायी के बारे में हाथ धुलवा कर बताया गया इस ट्रिगर में बच्चों ने बड़ी उत्साह से भाग लियाद्य इस अवसर पर विद्यालय संचालक वरिष्ठ समाजसेवी दिनेश सिंह परिहार उर्फ बंटू ने बच्चों को स्वच्छता का महत्व समझाया और स्वच्छता को लेकर जागरूक किया द्य अंत में स्वछता की शपथ दिलायी गयी और जय स्वछता के नारों के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया इस कार्यक्रम में समस्त स्कुल स्टॉप का भी सहयोग रहा द्य स्वच्छता अभियान में बोलते हुए शिवाजी पब्लिक स्कूल संचालक दिनेश सिंह परिहार ने कहा कि यह अपना शरीर अपना पांच तत्वों से बना हुआ है और एक दिन पांच तत्वों



में ही लीन हो जाएगा इसलिए अपने आसपास सफाई एवं स्वच्छ रखें जिससे बीमारियां इस अवसर पर विद्यालय संचालक दिनेश सिंह परिहार उर्फ बंटू, विद्यालय की प्राचार्य नेहा सिंह, अर्जुन ,सुनील कुमार, इत्यादि शिक्षक एवं फीडबैक फाउंडेशन चेरिटेबल ट्रस्ट कि टीम उपस्थित रही

## मालनपुर नगर परिषद में 34 बिंदुओं पर हुई बैठक



**दैनिक पुष्पांजली टुडे संवाददाता मालनपुर**

मालनपुर नगर परिषद में विकास कार्य को लेकर 34 बिंदु बनाकर बैठक की गई जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रायश्री मुकेश किरार की अध्यक्षता में हुई अध्यक्ष राजश्री मुकेश किरार ने कहा कि मालनपुर नगर परिषद में हर वर्ष एक सबसे बड़ी समस्या है की नगर के लोगों को पानी के लिए जूझना पड़ता है लेकिन इस बर्ष में समस्त नगर पालिका अधिकारियों एवं पूरी टीम को यह दिशा निर्देश देते हैं कि जल संसाधन के सभी वाहनों को पूरी तैयारी कर रखें और मालनपुर नगर में किसी भी वार्ड में पानी की समस्या नहीं आनी चाहिए जिस पर नगर पालिका सी एम ओ यशवंत राठौर ने कहा कि हम मुख्य रूप से क्षेत्र में आने वाले समय में पानी की समस्या के लिए तैयारी कर रहे हैं एवं नगर परिषद क्षेत्र में जो भी विकास कार्य होने हैं उन पर गति तेज की जाएगी वार्ड नंबर एक पार्षद अनिल शर्मा ने बैठक में कहा कि अध्यक्ष एवं सीएमओ नगर पालिका स्वच्छता कर्मचारी को कड़े दिशा निर्देश दो जिससे मालनपुर नगर स्वच्छ एवं साफ रहे व अपने नगर पालिका की फायर ब्रिगेड के ड्राइवर को हमेशा अलर्ट मोड पर रखो क्योंकि गर्मी का सीजन शुरू होने जा रहा है आगजनी की दुर्घटना से जल्द निपटा जा सके और कहा कि जिस पर नगर पालिका सीएमओ ने कहा कि हम जल्द फायर ब्रिगेड ड्राइवर को 24 घंटे रहने का दिशा निर्देश देंगे जिससे आने वाले समय में आगे आग जनि की दुर्घटना से निपटा जा सके इस बैठक में उपस्थित रहे बैठक में उपस्थित रहे नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मुकेश किरार भाजपा मंडल अध्यक्ष देवेंद्र गोड़, नगर पालिका स्वच्छता इंस्पेक्टर राघवेंद्र शर्मा परमाल सिंह तोमर, पाषर्दगढ़ एवं नगर परिषद समस्त टीम जैसे की अनिल शर्मा, उदय सिंह कुशवाह, साबिर खान, वीना जैन, हरपाल सुमन सूरज परमार अखिलेश तोमर इमरान खान अमेजॉन बृजेश मोहर सिंह आदि मौजूद रहे

## सम्पत्ति मूल्यांकन के लिए कलेक्टर ने जारी की गाइड लाइन

खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे

**भारतीय मुद्रांक अधिनियम 1899 के अधीन राज्य शासन द्वारा स्थावर सम्पत्ति के बाजार मूल्य निर्धारण के लिए बनाए गए नियमों मध्यप्रदेश बाजार मूल्य मार्गदर्शक सिद्धांतों को बनाया जाना एवं उनका उनका पुनरीक्षण नियम 2018 के अंतर्गत केन्द्रीय मूल्यांकन बोर्ड के उपरांत कलेक्टर एवं जिला मूल्यांकन समिति के अध्यक्ष श्री कर्मवीर शर्मा ने जिला मूल्यांकन समिति जिला खरगोन की अचल सम्पति के लिए गाइड लाईन वर्ष 2024-25 को नियम 4(2) (घ) के अंतर्गत जारीयह गाइड लाइन 01 अप्रैल 2024 से प्रभावशील होगा विभागीय वेबसाइट**


# बास से निर्मित जैकेट गहने चूड़ी सहित अतिप्राचीन मानव खोपड़ी देखने उमड़ी भीड़

## तीन दिवसीय प्रदर्शनी का आज होगा समापन

**रीवा(पुष्पांजली टुडे )**

।समदड़िया होटल न्यू बस स्टैंड में दो दिनों से चल रही उत्कर्ष प्रदर्शनी शहर वासियों के लिए कौतूहल का केन्द्र बनी हुई है। बड़ी संख्या में कालेज के छात्र-छात्राएं एवं किसानों ने प्रदर्शनी का भ्रमण किया। जियोलॉजिकल सर्वे आफ इंडिया द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी प्रकृति के दुर्लभ खनिज मानव खोपड़ी डायनासोर के अंडे युवा तरुणाई को अचंभित कर रहे हैं। वही मानक ब्यूरो ऑफ इंडिया द्वारा असली-नकली वस्तुओं के पहचान की जानकारी डिजिटल माध्यम से प्रदान की गई। ग्राम अजगरहा के सरपंच डॉक्टर भूपेंद्र सिंह साथ पहुंचे सैकड़ो किसानों ने आधुनिक खेती से लेकर जैविक खेती के फायदे से अवगत हुए उन्हें वेयरहाउस के अधिकारी अभिषेक जैन तथा कृषि विभाग के श्री बघेल ने खेती किसानी की जानकारी से अवगत कराया तथा किसानों को दवाइयां के छिड़काव से जुड़ी जानकारी दी। उन्होंने अपेक्षा की कि प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग कर हम खुद और अपने उत्पादक के माध्यम से दूसरे को निरोगी रखने में भूमिका का निर्वहन करें और जैविक खेती को प्राथमिकता दें। प्रदर्शनी में किसानों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि राजीव खंडेलवाल, अधिवक्ता योगेंद्र शुक्ला द्वारा उन्नत कृषक शिवदयाल सिंह उपेंद्र सिंह, शिवचरण सिंह भानु सिंह, अशोक सिंह मृगेंद्र सिंह, राजेश्वर सिंह अनेकों किसानों को शाल श्रीफल साहिजन पौधा देकर सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि आज 15 मार्च को दोपहर एक बजे सांसद जनार्दन मिश्रा द्वारा प्रदर्शनी का समापन किया जाएगा। शहर वासी प्रदर्शनी का अवलोकन 15 मार्च को शाम 5 बजे तक कर सकते हैं।

# उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने निर्माणाधीन भैरवनाथ मंदिर का किया निरीक्षण



रीवा(पुष्पांजली टुडे )।

**उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने अपने गुड़ प्रवास के दौरान भैरवनाथ मंदिर के पुर्नरूद्धार कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण एजेंसी को गुणवत्तापूर्ण कार्य शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिये। इस अवसर पर पूर्व विधायक श्री केपी त्रिपाठी, विधायक प्रतिनिधि विवेक दुबे सहित निर्माण विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।**

# करहिया आदर्श मंडी हाईटेक मंडी बनेगी



किसानों व व्यापारियों के लिये सभी जरूरी सुविधायें उपलब्ध कराई जायेने के उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने दिए निर्देश

रीवा(पुष्पांजली टुडे)। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि रीवा की करहिया आदर्श मंडी को हाईटेक बनाया जायेगा था किसानों व व्यापारियों के लिये सभी आवश्यक सुविधायें मुहैया कराई जायेंगी। श्री शुक्ल ने करहिया मंडी परिसर में आईडीबीआई बैंक की नवीन शाखा का शुभारंभ किया। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि रीवा तेजी से आगे बड़ रहा है। किसानों की आय में वृद्धि हुई है अब मंडी में बैंक की स्थापना हो जाने से किसानों व व्यापारियों को पैसे जमा करने बाहर नहीं जाना पड़ेगा। बैंक में लाकर भी उपलब्ध है। इसके साथ ही बैंक के माध्यम से विभिन्न योजनाओं के पात्र हितग्राही ऋष्टा भी ले सकेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने हर जरूरतमंद को लोन देकर उसके हुनर को तराशने का काम किया है। अब हर क्षेत्र में हितग्राही ऋष्टा लेकर आगे बड़ रहे हैं। रीवा शहर में ही पीएम स्वनिधि योजनान्तर्गत 15 से 20 हजार लोगों ने लोन लिया व ईमानदारी से वापस भी किया। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि करहिया मंडी में किसानों व व्यापारियों के लिए ट्रक व अन्य वाहनों के पार्किंग स्थान, शेड के साथ ही हम्मालों के लिये रेस्ट हाउस भी बनाया जायेगा अब यह मंडी जनसुविधा का केन्द्र बन गई है। कार्यक्रम में उपस्थित किसानों तथा व्यापारियों ने बताया कि मंडी से हमारी आय दस गुनी बड़ी तथा हमारी दिक्कतें दूर हुईं। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने हितग्राहियों को मुद्रा योजना के चेक प्रदान किये। उपमुख्यमंत्री को व्यापारियों ने फलों से तौला। कार्यक्रम में पूर्व विधायक केपी त्रिपाठी, आईडीबीआई के मुख्य महाप्रबंधक आशुतोष कुमार, क्षेत्रीय प्रबंधक मोहित सिन्हा, संयुक्त संचालक मंडी बोर्ड श्री भारिया, कार्यपालन यंत्री ललित गर्ग, ब्राांच मैनेजर श्री पाण्डेय, सहायक यंत्री राघवेन्द्र सिंह, बीड़ी कछवाहा, अनिरूद्ध पाण्डेय, कमलेश सचदेवा सहित अधिकारी व व्यापारी एवं किसान उपस्थित रहे।



# कलेक्टर ने दिए आदेश – किताबें और ड्रेस खरीदने में स्कूल नहीं कर सकेंगे मनमानी,निजी स्कूलों में प्रवेश की पारदर्शी प्रक्रिया के लिए धारा 144 के तहत आदेश जारी

**रीवा(पुष्पांजली टुडे )।**

रीवा जिले के शासकीय और निजी स्कूल तथा कालेजों में बड़ी संख्या में विद्यार्थी पड़ाई कर रहे हैं। जिले की विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं के प्रबंधन द्वारा शिक्षण संस्थाओं में प्रवेश, विद्यार्थियों की फीस, किताबें और ड्रेस खरीदने के संबंध में गंभीर शिकायतें मिली हैं। इन पर नियंत्रण के लिए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। वर्तमान परिस्थितियों में आदेश की व्यक्तिगत तामीली संभव नहीं है। इसलिए यह आदेश दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 (5) के तहत एक पक्षीय रूप से जारी किया जा रहा है। आदेश की सूचना विभिन्न संचार माध्यमों से शैक्षणिक संस्थाओं तथा आमजनता को दी जा रही है। आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति, शिक्षण संस्था के प्राचार्य तथा प्रबंधक के विरूद्ध धारा 188 के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही की जाएगी।

जारी आदेश के अनुसार विद्यार्थियों के अभिभावकों को स्कूल अथवा अन्य शिक्षण संस्थान पुस्तकें, ड्रेस अथवा अन्य सामग्री खरीदने के लिए किसी विशेष दुकान से बाध्य नहीं कर सकेंगे। जिले के सभी अशासकीय स्कूल जो मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मण्डल अथवा केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा मण्डल (सीबीएसई) अथवा आईसीएसई से संबद्ध हैं उनमें यह आदेश पूरी तरह से लागू होगा। निजी स्कूल प्रबंधन द्वारा स्कूल के प्रवेश प्रारंभ की तिथि, प्रक्रिया, स्कूल में उपयोग की जाने वाली पाठ्य पुस्तकों, स्टेशनरी, पठन-पाठन सामग्री, स्कूल बैग, ड्रेस, स्पोर्ट्स किट, परिवहन सुविधा एवं फीस के संबंध में प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से ली जाने वाली राशि स्कूल के नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित करना आवश्यक होगा। इसे स्कूल की आधिकारिक वेबसाइट पर भी प्रदर्शित करें। जारी आदेश के अनुसार निजी स्कूल उसमें प्रवेश की विवरण पुस्तिका एवं प्रवेश आवेदन पत्र प्राप्त करने के संबंध में पूरी जानकारी स्कूल के सूचना पटल और वेबसाइट में उपलब्ध कराएं। इसके लिए यदि अभिभावकों से किसी भी तरह की राशि ली जाती है तो उसका स्पष्ट उल्लेख करें। सभी निजी स्कूल केवल उन्ही पाठ्यपुस्तकों का निर्धारण करें जो उसकी संबद्धता वाले बोर्ड से स्वीकृत हों। निजी स्कूल प्रबंधन विद्यार्थियों तथा उनके अभिभावकों को केवल चुने हुए दुकानदार से पुस्तकें, ड्रेस, टाई, जूते, स्टेशनरी आदि खरीदने के लिए बाध्य नहीं करेंगे। इन सामग्रियों को खुले बाजार से खरीदने के लिए विद्यार्थी स्वतंत्र होंगे। स्कूल संचालक विद्यार्थी की ड्रेस को छोड़कर किसी भी पाठ्य सामग्री पर स्कूल का नाम उल्लेखित नहीं करेंगे। स्कूल यदि ड्रेस में कोई परिवर्तन करता है तो वह आगामी तीन शिक्षण सत्रों तक यथावत लागू रहेगा। तीन वर्ष के बाद ही इसमें परिवर्तन हो सकेगा। जारी आदेश के अनुसार निजी स्कूल प्रबंधन विद्यार्थियों को दी जा रही परिवहन सुविधाओं के संबंध में शासन, परिवहन विभाग तथा शिक्षा विभाग द्वारा जारी निर्देशों का कठोरता से पालन करेंगे। छात्रों को परिवहन सुविधा देने पर अभिभावकों से ली जाने वाली राशि नियम तीन के उप नियम दो के खण्ड चार के अनुसार प्रस्तावित फीस संरचना में शामिल करें। सभी निजी स्कूल संचालक आगामी शिक्षण सत्र शुरू होने से पहले अनिवार्य रूप से कक्षावार पुस्तकों और उनके लेखक एवं प्रकाशक के नाम तथा मूल्य सूचना पटल पर प्रदर्शित करें। विद्यार्थियों अथवा अभिभावकों द्वारा मांगे जाने पर सूची उन्हें उपलब्ध कराएं। सभी स्कूल प्रबंधक इस सूची को स्कूल की वेबसाइट, रीवा एनआईसी डॉट इन तथा डीओआरई डब्ल्यू डॉट एमपी एट द रेट एनआईसी डॉट इन पर अनिवार्य रूप से प्रेषित करें।

जारी आदेश के अनुसार सभी निजी स्कूल प्रबंधक सूचना पटल पर स्पष्ट रूप से इस बात का उल्लेख करें कि पुस्तकें, ड्रेस तथा अन्य सामग्री किसी विशेष दुकान से खरीदने की बाध्यता नहीं है। पुस्तकों के अतिरिक्त स्कूलों द्वारा यूनिफार्म, जूते, कॉपियाँ आदि की बिक्री का प्रयास नहीं किया जाएगा। स्कूल की स्टेशनरी, ड्रेस तथा अन्य पठन-पाठन सामग्री में स्कूल का नाम प्रिंट करवाकर दुकानों से क्रय करके अथवा किसी एक विशिष्ट दुकान से बिक्री कराना पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। कलेक्टर ने सभी एसडीएम तथा जिला शिक्षा अधिकारी को आदेश का कठोरता से पालन कराने के निर्देश दिए हैं।

## उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल का जूनियर डॉक्टर्स ने जताया आभार

# रीवा के जूनियर डॉक्टर्स ने कहा हमें उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल की गारंटी पर है भरोसा

रीवा। उप मुख्यमंत्री तथा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल के निर्देश पर स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा मध्यप्रदेश के सभी शासकीय मेडिकल कॉलेज के जूनियर एवं सीनियर रेसिडेंट डॉक्टर का स्टायपेंड बड़ा दिया गया है। श्यामशाह चिकित्सा महाविद्यालय के जूनियर डॉक्टर ने रीवा में उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल से भेंट कर उनके प्रति आभार व्यक्त किया।उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल से रीवा जूनियर डॉक्टर्स के अध्यक्ष तथा मध्यप्रदेश जूनियर डॉक्टर्स के उपाध्यक्ष डॉ अक्षय द्विवेदी के नेतृत्व में जूनियर डॉक्टर्स ने भेंट की तथा स्टायपेंड बड़ाने के लिए आभार व्यक्त किया। जूनियर डॉक्टर्स के अध्यक्ष डॉ अक्षय द्विवेदी ने कहा है कि सरकार ने हमारी मांग मान ली है। गत शनिवार को हम उपमुख्यमंत्री जी से मिले थे तब उन्होंने आश्वस्त किया था कि हमारी मांगे मान ली जाएंगी। हमें उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल की गारंटी पर पूरा भरोसा है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल के निर्देश पर अब स्टायपेंड में 4000 रुपए की वृद्धि सरकार द्वारा कर दी गई है। हम पूरी सेवा भावना से अपना काम करते रहेंगे। उप मुख्यमंत्री जी से मुलाकात के दौरान रीवा जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन के उपाध्यक्ष डॉ बृजमोहन गुर्जर, जनरल सेक्रेटरी डॉक्टर स्तुति सिंह सहित जूनियर डॉक्टर्स उपस्थित रहे।

# अपर कलेक्टर को दी गई लोकसभा चुनाव में कानून और व्यवस्था की जिम्मेदारी

**रीवा(पुष्पांजली टुडे )।**

लोकसभा चुनाव के दौरान कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष प्रबंध किए जा रहे हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी को प्रभारी अधिकारी बनाया है। उन्हें सहयोग देने के लिए सभी अनुभागों के एसडीएम को नोडल अधिकारी तथा सभी तहसीलदारों को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। इस दल के द्वारा कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार कार्यवाहियाँ की जाएंगी। सम्पत्ति विरूपण अधिनियम, कोलाहल नियंत्रण अधिनियम, सुगम तथा सुविधा पोर्टल के तहत समस्त कार्यवाहियाँ इनके द्वारा की जाएगी। आदर्श आचरण संहिता के उल्लंघन पर कार्यवाही तथा पूरे जिले में आदर्श आचरण संहिता को लागू करने के लिए किए गए प्रबंधों की निगरानी भी इनके द्वारा की जाएगी। पुलिस के सहयोग से आदतन अपराधियों तथा असामाजिक तत्वों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की जाएगी।

# छुहिया घाटी की परेशानी से वाहन चालकों को मिलेगी मुक्ति,छुहिया घाटी में टनल अथवा फोरलेन सड़क का बनेगा प्रस्ताव

**रीवा(पुष्पांजली टुडे)।**

राजनिवास सर्किट हाउस में आयोजित बैठक में उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने रीवा बाईपास फोरलेन निर्माण तथा रीवा से शहडोल सड़क निर्माण की समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि शहडोल रोड का निर्माण शीघ्र पूरा कराएं। दोनों संभागीय मुख्यालयों को जोड़ने वाली यह सड़क बहुत महत्वपूर्ण है। विन्ध्य से छत्तीसगड़ जाने वाले वाहनों के लिए भी यह सड़क बहुत महत्वपूर्ण है। इस सड़क में छुहिया घाटी में क्षतिग्रस्त तीन सौ मीटर सड़क में तत्काल सुधार कराएं। छुहिया घाटी में थ्री लेन टनल निर्माण अथवा घाटी में फोरलेन सड़क निर्माण का प्रस्ताव तत्काल प्रस्तुत करें। टनल का निर्माण हो जाने से छुहिया घाटी के घुमावदार मोड़ों और दुर्घटना के भय से वाहन चालकों को मुक्ति मिलेगी। रीवा बाईपास को फोरलेन बनाने का प्रस्ताव भी तत्काल प्रस्तुत करें। उप मुख्यमंत्री ने बैठक में उपस्थित मुख्य वन संरक्षक राजेश राय को निर्देश देते हुए कहा कि रीवा से शहडोल सड़क निर्माण में कई स्थानों में वन विभाग से अनुमति की



आवश्यकता है। इसके प्रस्ताव ऑनलाइन प्रस्तुत कर दिए गए हैं। इन्हें आवश्यक कार्यवाही करके तत्काल अनुमति जारी करें जिससे सड़क का निर्माण पूरा कराया जा सके। मुख्य वन संरक्षक ने बताया कि रीवा से शहडोल सड़क निर्माण के लिए कुल 48 हेक्टेयर वन भूमि प्रभावित हो रही है। इसकी वैकल्पिक भूमि कटनी जिले में प्राप्त हो रही है। शहडोल जिले से प्रस्ताव अनुमति के लिए भेज दिए गए हैं। रीवा तथा सीधी जिले के प्रस्ताव आज भेज दिए जाएंगे। इनमें एक सप्ताह में अनुमति प्राप्त हो जाएगी। बैठक में उपस्थित एमपीआरडीसी के एजीएम तथा निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि ने बताया कि छुहिया घाटी में 12 मीटर चौड़ी टनल बनाने के लिए लगभग चार सौ करोड़ रुपए की लागत आएगी। इसकी लंबाई 3.5 किलोमीटर अनुमानित है। छुहिया घाटी में फोरलेन सड़क बनाने में लगभग सात सौ करोड़ रुपए का खर्च आएगा। रीवा से टेटका मोड़ के बीच लगभग 55 किलोमीटर सड़क का निर्माण पूरा हो गया है। व्यौहारी और जयसिंह नगर में बाईपास निर्माण प्रस्तावित किया गया है। इस अवसर पर पूर्व विधायक केपी त्रिपाठी सहित सड़क निर्माण कार्य से जुड़े अधिकारी उपस्थित रहे।

# लोक अदालत में पत्नी ने जीता विश्वास, पति ने लौटाया भरोसा,राष्ट्रीय लोक अदालत में करीब 8 हजार प्रकरणों का हुआ निराकरण,सहमति, समझौता व समझदारी से बिगड़े रिश्ते में आया मिठास

कोरिया - जिला न्यायालय परिसर में वर्ष के प्रथम राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 9 मार्च को किया गया था। जिला सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री भीष्म प्रसाद पांडे के मार्गदर्शन में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में जहाँ ऐसे प्रकरणों का भी निपटारा किया गया, जिससे परिवार में बड़ी दूरियां खत्म हुई और आपसी सम्बंध एक बार फिर मधुर हुई।

न्यायाधीश हुए ग्रामीणों से रूबरू जिला सत्र न्यायाधीश श्री पांडे ने न्यायाधीशो को अधिक से अधिक प्रकरण को निराकृत करने हेतु निर्देशित किया। श्री पांडे द्वारा दूरस्थ ग्रामों से आए ग्रामीण पक्षकारों से बात की और उन्हें अपने प्रकरणों को राजीनामा के आधार पर राष्ट्रीय लोक अदालत में निराकृत करने हेतु प्रोत्साहित की।

7 हजार 918 प्रकरणों का हुआ निराकरण

इस वर्ष के प्रथम राष्ट्रीय लोक अदालत में 8 हजार 860 प्रकरणों को रखा गया था, जिसमें से 7 हजार 918 प्रकरणों का निराकरण हुआ और एक करोड़ 7 लाख 36 हजार 260 रुपए का भुगतान किया गया।

**लोक अदालत में नहीं पहुंचे, उनके लिए वर्चुअल व्यवस्था**-जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव वीरेंद्र सिंह ने बताया कि इस बार भी प्रकरणों को चिन्हांकित किया गया था तथा पक्षकारों को नोटिस देकर नेशनल लोक अदालत में बुलाया गया था, जहां दोनों पक्षकारों को समझाइस व आपसी सहमति के आधार पर मामला समाप्त करने हेतु प्रोत्साहित किया गया वहीं इस ऐसे भी पक्षकार रहे हैं, जो इस लोक अदालत में नहीं पहुंच पाए, उनके लिए वर्चुअल व्यवस्था की गई थी और उनके प्रकरणों को राजीनामा के आधार पर समाप्त की गई।

**अलग-अलग खंडपीठ**-जानकारी के मुताबिक इस नेशनल लोक अदालत हेतु सभी न्यायाधीशों का अलग-अलग खंडपीठ साथ ही तालुका स्तर पर भी न्यायाधीशो का खंडपीठ तैयार की गई थी, इसके साथ-साथ राजस्व प्रकरणों के निराकरण हेतु राजस्व अधिकारियों के भी खंडपीठ तैयार की गई, जिसमें पक्षकारगण उपस्थित होकर अपने प्रकरणों को राजीनामा करवा सकते हैं।

**भाई बहू, छोटी बहन तो जेठ को मिला बड़े भैया का सम्मान**-पटना थाना के ग्राम कोचिला में जेठ और भाई बहू में महज इस बात पर मारपीट हो गई थी कि भाई बहू ने उन्हें खाना मांगने पर नहीं दिए थे इस पर जेठ ने क्रोध में आकर भाई बहू से मारपीट हुई थी। लेकिन नेशनल लोक अदालत ने इस पारिवारिक विवाद को समाप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका



निभाया। दोनों को समझाया और दोनों ने अपनी गलतियां स्वीकार की तो जेठ ने भाई बहू को छोटी बहन समझ कर माफ किया तो बहू ने जेठ को बड़े भैया का दर्जा देते हुए घर वापस हुए।

**भाइयों ने आपस में मिलाया गले, लोक अदालत को कहा शुक्रिया**- बैकुंठपुर थाना के अंतर्गत मंडलपारा में जमीन की बिक्री रकम को लेकर दो सगे भाइयों के मध्य विवाद थी। जमीन बिक्री की रकम के संबंध में बात बड़ती गई और गाली-गलौज से मारपीट तक हुई थी। इस लोक अदालत में विशेषज्ञों ने दोनों भाइयों को बहुत ही सरल तरीके से समझाया और आपसी मतभेद को भूलकर आपस में मिलकर रहने की सलाह दी। दोनों भाइयों ने सहमति दी और दोबारा जमीन के संबंध में विवाद नहीं करने की बात कही। इस तरह दोनों भाइयों ने आपस मे गले मिले और प्रकरण समाप्त होते ही चेहरे में मुस्कान लाते हुए लोक अदालत को धन्यवाद कहते हुए घर लौटे।

**पति ने जीता विश्वास, पत्नी ने दी भरोसा**- बैकुण्ठपुर थाना के ग्राम भाड़ी निवासी ने शराब पीकर अपनी पत्नी से मारपीट करते थे साथ ही उनकी चरित्र पर शंका करते थे। पत्नी इस दुःख के कारण मजबूर होकर थाना में रिपोर्ट लिखाई थी। यह प्रकरण लोक अदालत में पहुंची तो आरोपी पति ने अपनी गलती का अहसास करते हुए अपनी पत्नी से आपसी राजीनामा होते हुए भविष्य में इस तरह की मारपीट व चरित्र शंका नहीं करने की कसम खाई और पत्नी पर पूरा विश्वास के साथ आपस में जीवन-यापन करने का भरोसा दिलाया और दोनों हंसते हुए घर लौटे।

**उत्सव में हुआ था खलल -अब बिना बैर गांव लौटे**-वर्ष 2023 में ग्राम अंगा, थाना पटना में गणेश उत्सव के दौरान डी.जे. साउंड सिस्टम बजाकर नाच-गान करते समय दो पक्षों में विवाद हुआ था। तीन लोगों ने प्रार्थी के साथ गाली-गलौज कर मारपीट किया था। घटना की रिपोर्ट थाना में दर्ज की गई थी। लोक अदालत में सभी लोगों को समझाइश दी गई और राजीनामा के आधार पर उभय पक्ष आपस में गले मिले और बिना बैर भाव के वापस गाँव लौटे।बता दे नेशनल लोक अदालत के महत्ता के बारे में विभिन्न प्रचार माध्यमों के साथ गांव-गांव में लोगों को जानकारी दी गई थी, जिसके कारण अधिक प्रकरणों का निराकरण सम्भव हुआ है।

# सीएए: मुसलमानों को डरने की जरूरत नहीं



मुस्ताअली बोहरा

सीएए के साथ एनआरसी को मुसलमानों की नागरिकता खत्म करने के रूप में देखा गया था। ऑल इंडिया मुस्लिम जमात जो कि गैर सरकारी धार्मिक संगठन हैं, के अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन बरेलवी ने सीएए के लागू होने पर कहा कि मुसलमानों को डरने की जरूरत नहीं है। सीएए को लेकर पूर्व में हुए विरोध प्रदर्शन पर उन्होंने कहा कि कुछ राजनीतिक लोगों ने गलतफहमियां पैदा की थीं।

नागरिकता देने के लिए है कानून, छीनने के लिए नहीं....

आखिरकार एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चैंकाने वाला फैसला लेते हुए नागरिकता संशोधन कानून को लागू कर दिया। सीएए को लागू करना चैंकाने वाला नहीं था बल्कि ऐन रमजान पर लागू करने वाला चैंकाने वाला था। लोकसभा चुनाव से ठीक पहले मोदी के इस कदम के कई मायने निकाले जा रहे हैं। ये वही कानून है, जिसे लेकर कुछ साल पहले देश भर में कई प्रदर्शन हुए थे। दरअसल सीएए को लेकर या तो ज्यादातर लोगों को इसकी जानकारी नहीं है या फिर उन्हें गुमराह किया जा रहा है। ये कानून नागरिकता देने के लिए लाया गया है ना कि नागरिकता छीनने के लिए। हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई समुदाय के शरणार्थी लोग सीएए के तहत नागरिकता के लिए आवेदन कर सकते हैं। पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश से 31 दिसंबर 2014 से पहले भारत आए लोगों को नागरिकता दी जाएगी। भारत में पांच साल से ज्यादा वक्त से रहने वाले लोग इसमें आवेदन कर सकते हैं। जहां तक इसके विरोध या विवाद का प्रश्न है तो वो इसलिए हो रहा है कि क्योंकि सीएए के तहत मुस्लिमों को नागरिकता देने का प्रावधान नहीं रखा गया है। सीएए का विरोध करने वाले लोगों का कहना है कि भारत जैसे धर्मनिरपेक्ष देश में किसी एक समुदाय को छोड़ने वाला कानून नहीं लाया जाना चाहिए। मुस्लिम समुदाय के लोग भारत में शरण लेने के 11 साल बाद नागरिकता के लिए आवेदन कर सकते हैं। 2019 में जब सीएए संसद में पास किया गया था तब ये कहा जा रहा था कि सीएए के बाद सभी को कागज दिखाने होंगे। हालांकि, ऐसा बिल्कुल नहीं है। भारत में रहने वाले लोगों पर इस कानून का कोई भी असर नहीं पड़ने वाला है। ये कानून सिर्फ उन लोगों के लिए है, जो दूसरे देशों से भारत आए हैं और नागरिकता दिए जाने की मांग कर रहे हैं। भारत में रहने वाले लोगों को संविधान के तहत नागरिकता का अधिकार है। उत्तर पूर्व के ज्यादातर हिस्सों को सीएए से छूट दी गई है। असम के आदिवासी इलाके, मेघालय, मिजोरम और त्रिपुरा संविधान की छठी अनुसूची के तहत आते हैं। अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, नगालैंड और मणिपुर को सीएए के प्रावधानों से छूट दी गई है।

11 मार्च 2024 को नागरिकता संशोधन नियम लागू होने के बाद अब पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश के हिन्दू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई जो 31 दिसंबर 2014 से पहले भारत में आए थे, उन्हें भारतीय नागरिकता बिना वैध पासपोर्ट और भारत के वीजा के बिना मिल सकती है। इन तीनों देशों के गैर-मुस्लिम धार्मिक अल्पसंख्यक अपने माता-पिता, दादा-दादी या उनसे भी पीछे की पीढ़ी की राष्ट्रीयता के दस्तावेज दिखाकर भारत की नागरिकता हासिल कर सकते हैं। वीजा के बदले स्थानीय निकाय के निर्वाचित सदस्य की ओर से जारी सर्टिफिकेट भी मान्य होगा। नागरिकता दिए जाने के लिए पाकिस्तान, बांग्लादेश या अफगानिस्तान पासपोर्ट और भारत की ओर से जारी रिहाइशी परमिट के बजाय जन्म या शैक्षणिक संस्थानों के सर्टिफिकेट, लाइसेंस, सर्टिफिकेट, मकान होने या किराएदार होने के दस्तावेज पर्याप्त होंगे। वैध वीजा, एफआरआरओ यानी फॉरनर रजिस्ट्रेशन ऑफिस की ओर से जारी रिहाइशी परमिट, जनगणना करने वालों की ओर से जारी पर्ची, ड्राइविंग लाइसेंस, आधार कार्ड, राशन कार्ड, भारत सरकार या अदालत की ओर से जारी कोई पत्र, भारत का जन्म प्रमाण पत्र, जमीन या किराएदार से जुड़े दस्तावेज, रजिस्टर्ड रेंट एग्रीमेंट, पैन कार्ड इश्योरेंस डॉक्यूमेंट, केंद्र, राज्य, बैंक या पीएसयू की ओर से जारी दस्तावेज, रेवन्यू ऑफिसर की ओर से जारी कागज, किसी ग्रामीण या शहरी निकाय के चुने सदस्य की ओर से जारी दस्तावेज, पोस्ट ऑफिस अकाउंट, इंश्योरेंस पॉलिसी, बिजली, पानी बिल, ईपीएफ डॉक्यूमेंट, स्कूल सर्टिफिकेट, अकादमिक सर्टिफिकेट, म्युन्सिपेलिटी व्यापार लाइसेंस, मैरिज सर्टिफिकेट आदि को सबूत माना जाएगा। उन दस्तावेजों को भी मान्यता दी जाएगी, जिसमें माता-पिता या दादा-दादी के तीन में से एक देश के नागरिक होने की बात होगी। इन दस्तावेजों को स्वीकार किया जाएगा, फिर चाहे ये वैधता की अवधि को पार ही क्यों ना कर गई हो। इन दस्तावेजों को ऑन लाइन जमा करना होगा। सुरक्षा एजेंसी दस्तावेजों की जांच करेगी और फिर इसे आगे बढ़ाएगी। नए नियमों में इम्पावर्ड कमिटी और जिला स्तर पर केंद्र की ओर से ऐसी कमिटी बनाई जाएगी जो आवेदनों को लेगी और प्रक्रिया शुरू करेगी। इम्पावर्ड कमिटी का एक निदेशक होगा, डिप्टी सेक्रेटरी होंगे, नेशनल इंफॉर्मेटिक्स सेंटर के स्टेट इंफॉर्मेटिक्स ऑफिसर, राज्य के पोस्टमास्टर जनरल बतौर सदस्य होंगे। इस कमिटी में प्रधान सचिव, एडिशनल चीफ सेक्रेटरी और रेलवे अधिकारी होंगे। जिला स्तर की कमिटी के प्रमुख ज्यूरिसडिक्शनल सीनियर सुपरिटेंडेंट या सुपरिटेंडेंट होंगे. इस कमिटी में जिले के इंफॉर्मेटिक्स ऑफिसर और केंद्र सरकार की ओर से एक नामित अधिकारी होगा। इसमें दो और लोगों को जगह दी जाएगी, जो तहसीलदार या जिलाधिकारी के स्तर का होंगे। सीएए के तहत पंजीकृत हर भारतीय को एक डिजिटल सर्टिफिकेट दिया जाएगा।

मोदी सरकार ने सीएए में ऐसे बदलाव किए हैं कि नागरिकता दिए जाने की प्रक्रिया में राज्य सरकारों की भूमिका ज्यादा ना हो। ये बदलाव इसलिए है कि राज्य सरकारों के इस कानून के विरोध करने से निपटा सकेगा। जब सीएए संसद में पास हुआ था तब भी कुछ और राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने इसकी खिलाफत की थी। इस बार भी सबसे पहले ममता बनर्जी ने केन्द्र पर हमला बोला है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सीएए का विरोध करते हुए कहा है कि आखिर रमजान के पहले ही इसे क्यों लागू किया गया है। उन?होंने कहा कि 2019 में असम में एनआरसी के नाम पर 19 लाख में से 13 लाख बंगाली हिंदू को लिस्ट से हटा दिया गया था, कई लोगों ने आत्महत्या की थी। मैं पूछती हूं, अगर वे लोग दर्खास्त करेंगे तो क्या उन्हें नागरिकता मिलेगी? उनके बच्चे का भविष्य क्या होगा? उनकी संपत्ति का क्या होगा? जाहिर है पीएम मोदी को इसके विरोध का अंदेशा पहले से ही था। लिहाजा अब, मोदी सरकार ने ऐसे विरोध से निपटने के लिए कानून में बदलाव कर दिया है। वैसे तो इसे काफी पहले ही लागू हो जाना था लेकिन भाजपा सरकार ने मौके की नजाकत को भांपते हुए इसे लागू किया है। सीएए 11 दिसंबर 2019 को संसद से पास हुआ था और इस पर राष्ट्रपति की मंजूरी भी मिल गई थी। लेकिन इसके नियमों की अधिसूचना जारी नहीं हुई थी। लोकसभा चुनाव के ठीक पहले इसे लागू कर दिया गया है। मालूम हो कि सीएए को लेकर देश भर में विरोध-प्रदर्शन हुआ था। केंद्र सरकार ने सीएए के बाद देश भर में एनआरसी लागू करने की बात कही थी। एनआरसी के तहत भारत के नागरिकों का वैध दस्तावेज के आधार पर रजिस्ट्रेशन होना था। सीएए के साथ एनआरसी को मुसलमानों की नागरिकता खत्म करने के रूप में देखा गया था। ऑल इंडिया मुस्लिम जमात जो कि गैर सरकारी धार्मिक संगठन हैं, के अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन बरेलवी ने सीएए के लागू होने पर कहा कि मुसलमानों को डरने की जरूरत नहीं है। सीएए को लेकर पूर्व में हुए विरोध प्रदर्शन पर उन्होंने कहा कि कुछ राजनीतिक लोगों ने गलतफहमियां पैदा की थीं। बहरहाल, सीएए के बाद एनआरसी की बारी है, देखिए आगे-आगे होता है क्या.......।




## संपादकीय

### विरोध की सांप्रदायिकता

अंततः संसद से चार साल पहले पारित हुआ नागरिकता संशोधन कानून अधिसूचित होकर तत्काल प्रभाव से लागू हो गया। इस कानून के अनुसार पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान में धार्मिक उत्पीड़न के शिकार होकर भारत में शरण लेने वाले गैर-मुस्लिम धमार्नुयायियों को भारत की नागरिकता प्राप्त हो जाएगी। सरकार की ओर से बार-बार कहा है कि यह धार्मिम उत्पीड़न के शिकार लोगों को मानवीयता के आधार पर मानवीय गरिमा और राज्यगत सुरक्षा प्रदान करने का प्रयास है। इसमें सिर्फ नागरिकता देने का प्रावधान है, किसी की नागरिकता छीनने का नहीं है। सरकार के इस प्रयास में निहित मानवीय दृष्टिकोण को संवेदना के साथ स्वीकार किया जाना था, लेकिन ऐसा नहीं हुआ, जैसा कि प्रत्याशित था। समूचे विपक्ष ने इसका विरोध किया। किसी ने सरकार की मंशा पर सवाल उठाए तो किसी ने चुनावों से ऐन पहले लागू करने के इसके समय को संदेह से देखा। एक तरफ जहां केजरीवाल जैसे बड़बोले नेता ने हास्यास्पद प्रतिक्रिया दी कि देश इस कानून के विरोध में है और आगामी चुनावों में जनता भाजपा को सबक सिखाएगी। यह अलग बात है कि केजरीवाल को जनता की वास्तविक प्रतिक्रिया दिखाई नहीं दी। विरोधियों में सबसे तीखे स्वर ममता बनर्जी और केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन की रही। विजयन ने कहा कि यह कानून जो मुसलमानों को दोयम दर्जे का नागरिक मानता है, केरल में लागू नहीं होने दिया जाएगा। ममता बनर्जी ने भी कुछ इसी तरह की प्रतिक्रिया दी कि यह कानून लोगों को उनके अधिकारों से वंचित करता है। एक तरह से इन नेताओं ने यह नकार दिया कि पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश जैसे मुस्लिम बहुल देशों में अल्पसंख्यकों का उत्पीड़न हुआ और वे उत्पीड़न का शिकार होकर ही वे अपना मूल देश छोड़कर भारत आए। इन देशों में अल्पसंख्यकों का उत्पीड़न एक बहुत ही उजागर तथ्य है जिसकी अनदेखी मोदी और भाजपा विरोधी नेता भारतीय मुसलमानों की राजनीतिक समर्थन को ध्यान में रखकर ही कर रहे हैं। वस्तुतः यह एक गहरा प्रति सांप्रदायिक दृष्टिकोण है जो एक कथित सांप्रदायिकता के विरोध में दूसरी सांप्रदायिकता का ध्रुवीकरण करता है। इन्हें यह समझना चाहिए कि एक सांप्रदायिक दृष्टिकोण का विरोध उससे भी अधिक उग्र सांप्रदायिकता के ध्रुवीकरण से नहीं किया जा सकता। अच्छा हो कि इस नागरिकता कानून को उतपीड़ितों के समर्थन में मानवीय दृष्टि से देखा जाए।

## चिंतन-मनन

### जीव है आध्यात्मिक स्फुलिंग

भगवद्गीता में भगवान ने बताया गया है कि जीव भौतिक शरीर नहीं है। वह आध्यात्मिक स्फुलिंग है और परम सत्य परम पूर्ण है। उन्होंने जीव को परम पूर्ण का अंश बताते हुए पूर्ण पर ही ध्यान लगाने की सलाह दी है। कहते हैं कि जो मनुष्य भौतिक शरीर का त्याग करते समय कृष्ण का ध्यान करता है, वह तुरंत कृष्ण के धाम को चला जाता है। भगवान स्पष्ट कहते हैं कि योगियों में से, जो भी अपने अन्तःकरण में निरंतर कृष्ण का चिन्तन करता है, वही परम सिद्ध माना जाता है। इसका यही निष्कर्ष है कि मनुष्य को कृष्ण के सगुण रूप के प्रति अनुरक्त होना चाहिए, क्योंकि वही चरम आत्म-साक्षात्कार है। इतने पर भी ऐसे लोग हैं जो कृष्ण के साकार रूप के प्रति अनुरक्त नहीं होते। वे परम सत्य के उस निराकार रूप का ही ध्यान करना श्रेष्ठ मानते हैं, जो इन्द्रियों की पहुंच के परे है तथा अप्रकट है।

इस तरह सचमुच में अध्यात्मवादियों की दो श्रेणियां हैं। अर्जुन यह निश्चित कर लेना चाहता है कि कौन सी विधि सुगम है और इन दोनों श्रेणियों में से कौन सर्वाधिक पूर्ण है। दूसरे शब्दों में, वह अपनी स्थिति स्पष्ट कर लेना चाहता है, क्योंकि वह कृष्ण के सगुण रूप के प्रति अनुरक्त है। वह निराकार ब्रह्म के प्रति आसक्त नहीं है। वह जान लेना चाहता है कि उसकी स्थिति सुरक्षित तो है! निराकार स्वरूप, चाहे इस लोक में हो, चाहे भगवान के परम लोक में, ध्यान के लिए समस्या बना रहता है।

वास्तव में कोई भी परम सत्य के निराकार रूप का ठीक से चिन्तन नहीं कर सकता। अतः अर्जुन कहना चाहता है कि इस तरह से समय गंवाने से क्या लाभ? अर्जुन को अनुभव हो चुका है कि कृष्ण के साकार रूप के प्रति आश्वसक्त होना श्रेष्ठ है, क्योंकि इस तरह वह एक ही समय अन्य सारे रूपों को समझ सकता है और कृष्ण के प्रति उसके प्रेम में किसी प्रकार का व्यवधान नहीं पड़ता। अतः अर्जुन द्वारा कृष्ण से इस महत्वपूर्ण प्रश्न के पूछे जाने से परम सत्य के निराकार तथा साकार स्वरूपों का अन्तर स्पष्ट हो जाएगा।

# खरमास में आम चुनावों का खरखासा...




राकेश अचल

भारत में निष्ट और अनिष्ट को लेकर बहुत सी मान्यताएं हैं। मजे की बात ये है कि ज्योतिष पर भरोसा रखने वाले देश में इस बार आम चुनाव खरमास में होने जा रहे हैं जबकि खरमास में कोई भी शुभ कार्य वर्जित माना जाता है। खरमास में ही नए दो चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति होना है और इसी काल में नए आम चुनावों की तिथियां घोषित की जाएँगी। मै तो इस तरह के झांसे में नहीं आता फिर भी आपको बता दूँ कि खरमास को विशेष ज्योतिषीय घटना है। ज्योतिषानुसार, सूर्य देव के धनु और मीन राशि में प्रवेश करने से खरमास लगते हैं। खरमास साल में 2 बार लगते हैं और खरमास के दौरान कुछ कामों को करने से मनाही होती है। इस साल 14 मार्च, गुरुवार से खरमास की शुरूआत होने वाली है और ये खरमास आने वाली 13 अप्रैल तक रहेंगे।।

केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा ने खरमास को देखते हुए ही शायद नागरिक संशोधन कानून पाक रमजान महीने में लागू किया है। इसी पाक रमजान महीने में खटटर साहब को हरियाणा की चौकीदारी से आजाद कर वहां नायब साहब की सरकार बनवाई गयी है और इसलिए लोकसभा चुनाव के लिए प्रत्याशियों कि पहली सूची खरमास शुरू होने से बहुत पहले जारी कर दी गयी। कांग्रेस और दूसरे क्षेत्रीय दलों ने भी कम से कम इस मामले में एक-एक सूची जारी कर शगुन कर लिया। लेकिन नए दो चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति और आम चुनावों की घोषणा को खरमास से नहीं बचाया जा सका। ज्योतिषी खरमास को शुभ समय नहीं मानते ,इसके चलते इस दौरान शादी करने से मना किया जाता है। खरमास के दिनों में मुंडन, गृह प्रवेश और सगाई वर्जित है खरमास में कुछ नया खरीदने से भी मना किया जाता है, खासकर संपत्ति या गाड़ी खरीदनी से हमेशा मना किया जाता है। संयोग से किसी भी ज्योतिषाचार्य ने खरमास में चुनाव करने की मनाही नहीं की। मुमकिन है कि ज्योतिषी चुनावों को शुभ कार्य मानते ही न हों ! क्योंकि अब चुनाव काले धन से लड़े जाते हैं। चुनाव जीतने के लिए हर गलत काम किया जाता है। खरमास को कोई मलमास कहता है तो कोई पुरुषोत्तम मास। खर का मतलब दुष्ट भी होता है और गधा भी। इसीलिए दुनिया के तमाम गधे इस महीने में बहुत खुश दिखाई देते हैं हालाँकि उनका ज्योतिष ज्ञान शून्य होता है। दुष्ट लोगों के लिए मलमास बड़े काम का होता है। वे इस महीने में अपनी दुष्टत्ता का भरपूर प्रदर्शन कर सकते हैं। राजनीति इस युग में दुष्टता का पर्याय है। इसमें गधे-घोड़ों की महत्ता ज्यादा बढ़ गयी है गधे और खच्चर कभी भी बोझा धोने के लिए राजी रहते है। उन्हें कभी भी चौकीदारी दी जा सकती है या चौकीदारी से हटाया जा सकता है । रहे घोड़े तो वे हमेशा बिकने के लिए राजी होते हैं और बिना हिनहिनाये बिक जाते हैं। उनकी स्वामिभक्ति स्थाई नहीं होती। वे जिस घुड़साल में बांधे जाते हैं उसी के हो जाते हैं। उन्हें तो केवल अपनी कीमत और दाना-पानी से मतलब होता है। पिछले दिनों खरमास से पहले और खरमास के बाद भी गधों और घोड़ों की खूब मांग रही। खरमास में इनका बाजार उठान पर होता है। मुझे अच्छा लग रहा है कि देश के आम चुनाव इस बार खरमास में ही घोषित किये जायेंगे। नए चुनाव आयुक्त भी इसी खरमास की उपलब्धियों में शुमार किये जायेंगे। सरकार के फैसलों का शुभ-अशुभ से कोई लेना-देना नहीं होता । सरकार जो करती है वो शुभ ही होता है । सरकार शिलान्यास करे या लोकार्पण,हरी झंडी दिखाए या लाल आँखें सभी कुछ शुभ है। सरकार के हाथ केवल हाथ नहीं बल्कि वे कर-कमल होते हैं सरकार के हिसाब से जात-पांत कुछ नहीं है ,इसलिए खटटर साहब को हटाने और नायब साहब को हरियाणा का मुख्यमंत्री बनाने में किसी को कोई ऐतराज नहीं होना चाहिए। खरमास से पहले हरियाणा में सत्ता परिवर्तन एक शुभ घटना है । भले ही चौटाला फैमिली इस घटना से चोटिल हुई है। राजनीति में ये तो आम बात है । फिर अमरबेल जिसका भी आसरा लेती है ,उसका खून चूसती ही है। भाजपा इस काल की सबसे बड़ी अमरबेल है । चौटालाओं को भाजपा के साथ खड़ा होने से पहले अकालियों,शिव सैनिकों ,बसपाइयों और समाजवादियों से सलाह -मश्विरा करना चाहिए था। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने बहुत सही समय पार इलेक्टोरल बांड के मामले में अपना फैसला सुनाया। मजा तो तब आये जब सुप्रीम कोर्ट सरकार से बांड से धन की उगाही की फेहरिश्त चुनाव आयोग की वेब साइट पर डालने के साथ ही अखबारों में भी उनका विज्ञापन कराये। आजकल केंद्र और राज्यों की सरकारें वैसे भी अपनी तमाम उपलब्धियों का विज्ञापन हार चैनल पार करा रहीं है। इलेक्टोरल बांड से धन हासिल करना भी सरकार की एक बड़ी उपलब्धि है । उसका भी प्रचार सरकारी पैसे से ही होना चाहिए,क्योंकि हर कोई तो चुनाव आयोग की वेब साइट पर जा नहीं पायेगा ,और क्या पता कि ये जानकारी अपलोड होते ही केंचुआ कि वेब साइट दम तोड़ दे। इसमें आखिर समय ही कितना लगता है। यदि ऐसा हुया तो सांप भी मर जायेगा और सरकार की लाठी भी नहीं टूटेगी। किसी भी वेब साइट को हैक करना एक अहिंसक काम है। मैंने तो खरमास में खरगोशों की सेवा करने का फैसला किया है । खरगोशों के कान ही गधों जैसे होते हैं ,बाकी हर खरगोश बड़ा बुद्धिमान माना जाता है । खरगोशों के कान सोशल मीडिया के पत्रकारों की तरह हमेशा खड़े रहते हैं जबकि गोदी मीडिया के पत्रकारों के कानों में हमेशा मैल भरा रहता है।। मेरी चले तो मै गोदी मीडिआ के हर पत्रकार को कानों की अत्याधुनिक मशीने दिलवा दूँ ! बहरहाल खरमास में आम चुनावों का खरखसा साफ सुनाई दे रहा है। भाजपा की सरकार ने सीएए लागू कर दिया है। विपक्षियों के पास इसका कोई तोड़ नहीं है। विपक्ष अपने प्रत्याशियों की सूची जारी करने में भी पिछड़ रहा है। आप भी खरमास में खाली है। इसलिए हर घटनाक्रम पर नजर रखिये। पता नहीं कब और खाना ,कैसा खेला हो जाये?

# क्रिकेट : सीरीज जीत में दिखा यंग ब्रिगेड़ का जलवा



मनोज चतुर्वेदी




रोहित शर्मा की अगुआई में टीम इंड़िया ने यंग ब्रिगेड़ के दम पर इंग्लैंड़ से 4-1 से टेस्ट सीरीज जीत ली। यंग ब्रिगेड़ के प्रदर्शन से भारत भविष्य को लेकर आश्वस्त तो हुआ ही, साथ ही कई उपलब्धियों से भी जुड़.गया। इस सीरीज जीत ने भारत को क्रिकेट के तीनों पारूपों में नंबर एक बना दिया है। यही नहीं विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की दौड़.में भी भारत पहली पायदान पर पहुंच गया है। ऑस्ट्रेलिया दूसरे स्थान पर है। भारतीय टेस्ट टीम इसी तरह खेलती रही तो लगातार तीसरी बार फाइनल खेलती नजर आ सकती है।

टीम इंड़िया के धर्मशाला में खेले गए पांचवें टेस्ट को जीतने से पहली बार टेस्ट इतिहास का जीत-हार का हिसाब बराबर कर सकी है। भारत ने अब तक 579 टेस्ट खेले हैं, जिसमें 178 जीते हैं और 178 ही हारे हैं और बाकी ड्रा रहे हैं। टेस्ट रिकॉर्ड.के मामले में ऑस्ट्रेलिया पहले नंबर पर है। उसने 866 मैचों में से 413 को जीता है और 232 हारे हैं। शुरूआती दौर में तो भारत का सफलता का प्रतिशत बहुत ही कमजोर था। पर आखिरी 79 टेस्ट मैचों में भारत की धमक देखने को मिली है। इन टेस्ट मैचों में 48 को भारत ने जीता है, 21 हारे हैं और 10 ड्रा रहे हैं। इंग्लैंड़ टीम के भारत दौरे पर आने से पहले 'बैजबॉल' की खासी चर्चा थी पर भारत ने अपने शानदार प्रदर्शन से उन्हें इस बारे में सोचने को मजबूर कर दिया है। खास बात यह है कि सीरीज के पहले ही टेस्ट में भारत के हार जाने पर सीरीज में विराट कोहली की कमी महसूस की जाने लगी। साथ ही लोगों को लग नहीं रहा था कि भारतीय यंग ब्रिगेड़ इंग्लैंड़ को थाम पाएगी, लेकिन अगले पांच हफ्तों में यंग ब्रिगेड़ ने जिस तरह का प्रदर्शन किया, उसकी हर तरफ प्रशंसा तो हो ही रही है, साथ ही भारत ने अगले चार टेस्ट जीतकर सीरीज पर कब्जा भी जमा लिया। इससे एक बात तो तय हो गई है कि युवा खिलाड़ी अब टेस्ट क्रिकेट की जिम्मेदारी को संभालने के लिए पूरी तरह से तैयार हो गए हैं। इस सीरीज के दौरान रोहित शर्मा की कप्तानी भी निखर कर आई है। रोहित की कप्तानी में काफी कुछ महेंद्र सिंह धोनी वाली झलक दिखती है। धोनी अक्सर मैचों में स्पिनरों को गाइड़ करते दिखते थे और इस कारण स्पिनरों को सफलताएं भी खूब मिलीं। इसी इस सीरीज के दौरान युवा बल्लेबाजों को रोहित शर्मा ने अपने साथ खेलने के दौरान अच्छे से गाइड़ किया। इसका सबसे ज्यादा फायदा इस सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले यशस्वी जायसवाल को मिला। यशस्वी बेजोड़.खिलाड़ी हैं और वह कई बार स्वीप, स्लॉग स्वीप जैसे जोखिम भरे शॉट खेलने में भी परहेज नहीं करते हैं। पर इस तरह के शॉट खेलने पर रोहित अक्सर उनकी तरफ जाकर उन्हें ड़ांट पिलाते नजर आए। कोच राहुल द्रविड़.का मानना है कि इस सीरीज के दौरान अजित आगरकर की अगुआई वाली चयन समिति ने जिस तरह से युवा खिलाड़ियों को उपलब्ध कराया, इसलिए वह तारीफ के पात्र हैं। इस सीरीज में पदार्पण करने वाले ध्रुव जुरेल, सरफराज खान, आकाशदीप और देवदत्त पड़िक्कल सभी ने प्रभावित किया। इसमें कोई दो राय नहीं कि सीरीज दिखने में जितनी एकतरफा लग रही है, वैसी थी नहीं। इंग्लैंड़ के लिए भी दबाव बनाने के कई मौके मिले। पर भारतीय युवाओं ने इन महत्त्वपूर्ण मौकों पर शानदार प्रदर्शन से उन्हें हावी नहीं होने दिया। यह सीरीज भारतीय ओपनर यशस्वी जायसवाल, स्पिनर रविचंद्रन अश्विन और इंग्लैंड़ के पेस गेंदबाज जेम्स एंड़रसन के लिए यादगार साबित हुई। यशस्वी के बल्ले ने तो गावस्कर की याद दिला दी। वह गावस्कर के बाद एक सीरीज में 700 से ज्यादा रन बनाने वाले दूसरे खिलाड़ी बन गए। उन्होंने दो दोहरे शतकों और तीन अर्धशतकों से 712 रन बनाए। वह धर्मशाला टेस्ट की पहली पारी में जिस मजबूती के साथ खेल रहे थे, उसी तरह खेलते रहते तो गावस्कर के सर्वाधिक रन सीरीज में बनाने के रिकॉर्ड.को तोड़.सकते थे। पर बाहर निकलकर बेवजह खेलने के कारण उन्हें लौटना पड़ा। रविचंद्रन अश्विन की जहां तक बात है तो उन्हें इस सीरीज के दौरान 500 टेस्ट विकेट का आंकड़ा तो पार किया ही, साथ अपने सौवें टेस्ट में नौ विकेट लेकर इसे यादगार भी बना दिया।

अश्विन अपने सौवें टेस्ट में 128 रन पर नौ विकेट निकालने का रिकॉर्ड.बनाया। इससे पहले यह रिकॉर्ड. श्रीलंका के मुथैया मुरलीधरन के नाम 141 रनों पर नौ विकेट का था। अश्विन ने धर्मशाला टेस्ट की दूसरी पारी में 77 रन पर पांच विकेट निकालकर पारी में 36वीं बार पांच या उससे ज्यादा विकेट निकालने के मामले में अनिल कुंबले (35 बार) को पीछे छोड़. दिया। रिचर्ड.हेड़ली ने भी 36 बार पांच या उससे ज्यादा विकेट निकाले थे। अब अश्विन से आगे सिर्फ मुरलीधरन (67) और शेन वार्न (37) हैं। जेम्स एंड़रसन टेस्ट मैचों में 700 विकेट लेने वाले पहले पेस गेंदबाज बन गए। इससे पहले यह उपलब्धि पाने वाले सिर्फ दो स्पिनर मुथैया मुरलीधरन (800) और शेन वार्न (708) हैं। एंड़रसन ने 183 टेस्ट मैचों में यह उपलब्धि हासिल की है। एंड़रसन 41 सालों के भले ही हो गए हैं पर वह अभी खेल रहे हैं और प्रभावित भी कर रहे हैं। इससे यह तो साफ है कि वह शेन वार्न के 708 विकेट के रिकॉर्ड.को जल्द तोड़. देंगे। पर मुरली के रिकॉर्ड.तक पहुंचने के लिए कम से कम दो-तीन साल और खेलना पड़.सकता है, जिसकी उम्मीद कम लगती है।



# साई धर्म तेज ने खुद का प्रोडक्शन हाउस लॉन्च किया

साई धर्म तेज ने हाल ही में अपने नए प्रोडक्शन हाउस, अपनी शॉर्ट फिल्म और अपना नाम बदलने के बारे में बात करने के लिए हैदराबाद में एक प्रेस मीट आयोजित की। अभिनेता ने मीडिया के सामने खुलासा किया कि उन्होंने अपना नाम बदल लिया है। साथ ही उन्होंने इसके पीछे का कारण भी साझा किया है।

## साई धर्म तेज ने बदला नाम

सबसे पहले, अभिनेता ने घोषणा की कि वह अपनी मां का नाम अपने मध्य नाम के रूप में ले रहे हैं और अब से वह खुद को साई दुर्गा तेज कहलाना पसंद करेंगे। अभिनेता ने यह घोषणा शिवरात्रि और अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर मीडिया से बातचीत के दौरान की। शनिवार को, अभिनेता ने एक और एलान में बताया कि वह अपनी मां के नाम पर अपना खुद का प्रोडक्शन हाउस लॉन्च कर रहे हैं।


## प्रोडक्शन हाउस किया लॉन्च

अपनी खुशी जाहिर करते हुए साउथ अभिनेता ने कहा, जब से मैंने फिल्मों में काम करना शुरू किया, मैं अपनी मां के नाम पर एक प्रोडक्शन हाउस स्थापित करना चाहता था। मेरी मां हमेशा मेरे साथ रहें, इसलिए मैं अपना नाम बदलकर साई दुर्गा तेज रख रहा हूं। उन्होंने अपने जीवन की तीन महत्वपूर्ण महिलाओं के बारे में बात करते हुए प्रेस को बताया, मेरी दादी अंजना देवी, मेरी मां और छोटी बहन माधवी मेरी खुशी का सबसे बड़ा स्रोत हैं।



# रवीना टंडन की फिल्म 'पटना शुक्ला' 29 मार्च को होगी रिलीज

रवीना टंडन स्टारर फिल्म 'पटना शुक्ला' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म हॉटस्टार पर रिलीज होगी। फिल्म में रवीना पहली बार वकील की भूमिका में नजर आएंगी। 'पटना शुक्ला' का ट्रेलर सलमान खान ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर किया है। सलमान ने ट्रेलर शेयर करते हुए लिखा- रवीना का पटना शुक्ला के रूप में स्वागत करिए। ट्रेलर में रवीना वकील की भूमिका में नजर आएंगी। फिल्म में उनका नाम तनवी है। वो घर में आए मेहमानों को पकौड़े तलकर खिलाती हैं, तभी मेहमानों को ये पता चलता है कि वो वकील भी हैं। लेकिन वकालत में खुद को अभी तक साबित नहीं कर पाई हैं। अब तनवी को नया केस मिला है। उनके पास एक लड़की अपना केस लेकर आती हैं और कहती है कि वो एग्जाम में फेल हो गई है और अपनी एग्जॉम कॉपी रिचेक करवाना चाहती है। वो कहती है कि वो बीएससी थर्ड ईयर की स्टूडेंट है। एग्जाम तो बहुत अच्छा हुआ लेकिन रिलर्ट फेल आया। रवीना इस लड़की का केस लेती है। इस फिल्म में वो अन्याय से दबी आवाज को न्याय दिलाने का काम करेंगी। तनवी रोल नंबर स्कैम केस लड़ती नजर आएंगी। ये कहानी एक आम महिला की है, जो अपनी आसाधरण लड़ाई बड़े ही धैर्य के साथ लड़ती है। रवीना दमदार डायलॉग बोलती हुई नजर आ रही हैं। ये डायलॉग है - दुनिया के अंधेरे में सूरज मैं अपना हूं, मैं पटना हूं। इस फिल्म में दिवंगत एक्टर सतीश कौशिक भी नजर आएंगे। इस फिल्म में अनुष्का कौशिक, जतिन गोस्वामी, चंदन रॉय सान्याल और मानव विज बतौर एक्टर्स नजर आएंगे। फिल्म 29 मार्च को हॉटस्टार पर रिलीज होगी।




# 3 दिन में 50 करोड़ के पार हुई शैतान, भोला को छोड़ा पीछे

अजय देवगन और आर. माधवन की फिल्म शैतान से इन दिनों सिनेमाघरों की रौनक बढ़ गई है। दर्शक फिल्म पर खूब प्यार लुटा रहे हैं और थिएटर की ओर खिंचे चले आ रहे हैं। उन्हें लीक से हटकर बनाई गई इस फिल्म की कहानी आकर्षित कर रही है। फिल्म 8 मार्च को रिलीज हुई थी। इसने तीन दिन में ही भारत में बॉक्स ऑफिस पर 50 करोड़ रुपए का खास आंकड़ा छू लिया है। शैतान ने ओपनिंग डे पर 14.75 करोड़ रुपए की कमाई की थी। इसके बाद शनिवार को भी इसका जादू बरकरार रहा और इसने 18.75 करोड़ रुपए अपनी झोली में डाल लिए। अब तीसरे दिन के कमाई के आंकड़े भी सामने आ गए हैं। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक इसने रविवार (10 मार्च) को 20 करोड़ रुपए कमाए। इसके साथ ही फिल्म की कुल कमाई 53.50 करोड़ रुपए पहुंच गई है। इस मामले में अजय की ही फिल्म भोला पिछड़ गई जो पिछले साल 30 मार्च को रिलीज हुई थी। 'भोला' ने तीन दिन में 30.8 करोड़ रुपए का बिजनेस किया था। शैतान ने पूरी दुनिया में 60 करोड़ रुपए का आंकड़ा पार कर लिया है। इसके डायरेक्टर विकास बहल और प्रोड्यूसर अजय देवगन हैं। माधवन 'शैतान' के नेगेटिव किरदार में दिखाई दे रहे हैं।

# वेब सीरीज थेरेपी शेरेपी में एक साथ दिखाई देंगे गुलशन देवैया और नेहा धूपिया





एक्टर गुलशन देवैया और नेहा धूपिया मेंटल हेल्थ पर आधारित वेब सीरीज थेरेपी शेरेपी में पहली बार स्क्रीन शेयर करते नजर आएंगे। एक्टर गुलशन ने कहा, मुझे लगता है कि अगर हर परिवार अपने सदस्यों के लिए एक सुरक्षित स्थान बना सके तो इस दुनिया से बहुत सारी परेशानियां गायब हो जाएंगी। इससे लोग बेहद खुश रहेंगे। शो की कहानी औसत मध्यम आय वाले परिवार के बारे में है। उन्होंने आगे कहा, मैं देख रहा हूं कि लोग धीरे-धीरे परिवार के पालन-पोषण के लिए एक सुरक्षित स्थान बना रहे हैं। दुनिया एक बेहतर जगह हो सकती है और हमें इसकी शुरुआत घर से ही करनी चाहिए।

# यामी गौतम ने फिल्मी अवार्ड्स को फेक कहा



ऑस्कर अवार्ड्स के समापन पर यामी गौतम ने फिल्मी अवार्ड्स शो को फर्जी बताया। उन्होंने फिल्म ओपनहाइमर के लिए किलियन मर्फी को बधाइयां दी। यामी ने किलियन मर्फी के काम की प्रशंसा भी की।


यामी गौतम ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर किया यामी ने पोस्ट शेयर करते हुए लिखा- पिछले कुछ सालों से मुझे मौजूदा नकली फिल्मीअवार्ड्स में कोई विश्वास नहीं रहा। यही वजह है कि मैंने अवॉर्ड शो अटेंड करना भी छोड़ दिया है। आज मुझे वास्तव में बहुत खुशी महसूस हो रही है क्योंकि किलियन मर्फी ने अपने काम से ये साबित कर दिया कि वे कितने बेहतर हैं। आपको इस तरह से सबसे बड़े ग्लोबल प्लेटफॉर्म पर सम्मानित होते देखना यही बताता है कि आखिर में आपका टैलेंट ही सबसे ऊपर होता है। 11 मार्च को लॉस एंजिलिस के डॉल्बी थिएटर में 96वें ऑस्कर अवॉर्ड का ऐलान हुआ। सेरेमनी में ओपेनहाइमर ने बेस्ट फिल्म समेत कुल सात अवॉर्ड अपने नाम किए। किलियन मर्फी बेस्ट एक्टर, क्रिस्टोफर नोलन बेस्ट डायरेक्टर बने। इसी फिल्म के लिए रॉबर्ट डाउनी जूनियर को बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर का अवॉर्ड मिला। ये उनके करियर का पहला ऑस्कर है। ओपेनहाइमर ने बेस्ट फिल्म एडिटिंग, बेस्ट ओरिजिनल स्कोर और बेस्ट सिनेमैटोग्राफी कैटेगरी के अवॉर्ड भी अपने नाम किए। फिल्म कुल 13 कैटेगरी में नॉमिनेट हुई थी।

# लाहौर 1947 में पिता सनी संग धमाल मचाएंगे करण देओल



सनी देओल इन दिनों अपनी आगामी फिल्म लाहौर 1947 को लेकर सुर्खियों में हैं। फिल्म का निर्माण आमिर खान प्रोडक्शंस के बैनर तले हो रहा है। वहीं, इसके निर्देशक राजकुमार संतोषी हैं। इस पीरियड ड्रामा फिल्म को लेकर बीते लंबे समय से खबरें थीं कि इसमें सनी के बेटे करण देओल नजर आएंगे। अब इन खबरों पर खुद आमिर खान ने बड़ा बयान दिया है, जो सुर्खियों का हिस्सा बन गया है। आमिर खान ने पुष्टि की है कि सनी देओल के बेटे करण देओल उनकी आगामी फिल्म लाहौर 1947 में अभिनय करेंगे। हाल ही में, यह पता चला था कि करण ने फिल्म में एक महत्वपूर्ण किरदार के लिए ऑडिशन दिया था। फिल्म में करण, जावेद का किरदार निभाते नजर आएंगे। आमिर ने कहा, मैं बहुत खुश हूं कि करण देओल ने जावेद की बेहद महत्वपूर्ण भूमिका के लिए इतनी अच्छी तरह से परीक्षण किया है।

आमिर खान ने आगे कहा, उनकी स्वभाविक मासूमियत और उनकी ईमानदारी बहुत कुछ सामने लाती है। करण ने वास्तव में खुद को साबित किया है। उन्होंने आदिशक्ति के साथ कड़ी मेहनत की, वर्कशॉप की, राज के साथ रिहर्सल की, और अपना सब कुछ दे रहे हैं। जावेद एक महान हिस्सा है, एक बहुत ही चुनौतीपूर्ण हिस्सा है और मुझे यकीन है कि राज संतोषी द्वारा उन्हें निर्देशित करने के साथ, करण इसमें सफल होंगे। इस फिल्म से पहली बार सनी, राजकुमार संतोषी और आमिर खान एक साथ आ रहे हैं। संतोषी ने लाहौर 1947 के कैमरामैन के रूप में संतोष सिवन को भी चुना है। वह फिल्म में एआर रहमान और जावेद अख्तर के साथ भी काम कर रहे हैं।



# संग्राम सिंह ने बड़े-बड़े स्टार्स के साथ फिल्मों के ऑफर किए रिजेक्ट

भारत के मशहूर पहलवान संग्राम सिंह एक बार फिर चर्चा में हैं। इनकी मूवी उड़ान जिंदगी की रिलीज होने जा रही है। इसके पहले उन्होंने बिग बॉस भी किया हुआ है और नाम कमाया है। अब उन्होंने एक इंटरव्यू दिया।

### बॉलिवुड में अभी तक आपकी ग्रैंड एंट्री नहीं हो पाई है?

मैंने कई सुपरस्टार्स के साथ वो फिल्में छोड़ीं, जिसमें मुझे निगेटिव भूमिकाओं का ऑफर मिला। मुझे दंगल में भी मौका मिला था, मगर मुझे उसमें पहलवानी में हारना था। मैंने विनम्रता से आमिर खान साहब से कह दिया कि मैं एक पहलवान हूं, अगर मैं इसमें हारा, तो मेरी रोजी -रोटी बंद हो जाएगी। एक और बड़े सुपरस्टार ने सामने बैठा कर मुझे एक रोल ऑफर किया और कहा, 15 मिनट का रोल है, आपकी मेरी फाइट है। टैररिस्ट का रोल है, आपको बच्चों को किडनैप करना है। मगर मैंने मना कर दिया। मैं श्याम बेनेगल के साथ फिल्म करने वाला था केडी जाधव साहब की बायोपिक। उन्होंने पहलवानी में ओलंपिक में भारत के लिए पहला पदक जीता था। फिल्म की अनाउंसमेंट हो गयी थी। पूरे तीन साल मैं वर्सोवा - मुंबई से श्याम बेनेगल साहब के घर जाता था। मैंने कॉन्ट्रैक्ट साइन किया था कि मैं कोई दूसरा काम नहीं कर सकता था। मैंने फिल्म के लिए वजन कम किया, मराठी सीखनी शुरू की। मगर फिल्म नहीं बनी। उस वक्त भी मैंने यही सोचा कि इसमें भी कोई भलाई होगी। फिर महेश भट्ट साहब के साथ एक म्यूजिक अल्बम में मौका मिला। वहां भी कॉन्ट्रैक्ट था कि मैं एक साल तक कहीं और काम नहीं कर सकता। उसके बाद मुझे प्रकाश झा साहब के साथ अवसर मिला। सोशल इश्यू पर एक शो होने वाला था। वो भी नहीं हुआ। फिर उन्होंने आश्रम में मुझे रेसलिंग सुपरवाइज करने का मौका मिला। मैंने छोटी-मोटी फिल्में पैसों के लिए कीं, मगर फिर समझ आया कि नोटेबल काम करना जरूरी है। हां, टीवी ने मुझे कई मौके दिए।

### आपकी आगामी फिल्म उड़ान जिंदगी के बारे में बताइए?

एफटीआईआई से एक लड़का था। उसने मुझे एक स्क्रिप्ट भेजी। उसी ने फिल्म डायरेक्ट की है। मेरे होमटाउन में वो फिल्म शूट हुई है। काफी एस्पायरिंग मूवी है। फिल्म का नाम है उड़ान जिंदगी की। ये कुश्ती पर ही है। इसमें मुझे 22 साल का दिखना था। फिल्म में वहीं के लोकल कलाकार है। फिल्म ओटीटी पर रिलीज होगी। यह पिता-पुत्र की भावनात्मक कहानी है। इस फिल्म में मैं एस्पायरिंग रेसलर बना हूं।

### अगर आपकी जीवनी पर फिल्म बने तो आप किस अभिनेता के बारे में सोचेंगे?

बॉलिवुड में तो सारे टैलेंटेड एक्टर हैं, मगर अभिनय के हिसाब से मैं देखूं, तो आइडली रणबीर कपूर इस रोल में खुद को ढाल लेगा। वो अभिनय के साथ-साथ फिजिक भी बना लेगा। एक और बेस्ट ऑप्शन विकी कौशल भी है। अगर वो अपनी बॉडी बना ले, तो वो भी सही रहेगा। वैसे मुझे रितिक रोशन भी बहुत अच्छा एक्टर लगता है। एक शो के दौरान मेरा उनसे इंटरेक्शन हुआ था।

### आपकी अभिनेत्री पत्नी पायल रोहतगी काफी बिंदास और बेबाक हैं, आपको इनकी बेबाकी का खामियाजा भुगतना पड़ता है?

बिलकुल भुगतना पड़ा है। बहुत बार नुकसान उठाना पड़ा है। शुरू में मैंने उन्हें समझाया, मगर वे समझी नहीं। फिर जब उन पर एफआईआर दर्ज हुई, तो मैंने उन्हें समझाया कि पैसे किसके गए, हमारे, टाइम और एनर्जी किसकी गई? हमारी,इन्हें किसी और जगह लगाते तो अच्छा था। मगर दुनिया में कुछ ही इंसान ऐसे हैं, जैसे वो दिखते हैं, वैसे होते हैं और पायल जी उनमें से हैं। जब मैं उनसे एक शो में मिला, तो सब कहते थे, ये लड़की आपके लिए ठीक नहीं है। मगर हम 13 साल से साथ में हैं।

# सोशल मीडिया पर वीडियो डालने पर 2 पक्षों में हुआ खूनी संघर्ष, आधा दर्जन लोग घायल क्रॉस मामला दर्ज




**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी-जिले के तेंदुआ थाना क्षेत्र के राजगढ़ ढिमरपुरा गांवमें सोशल मीडिया पर महिलाओं के वीडियो डालने पर दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया। इस दौरान दोनों तरफ से जमकर लाठी डंडे चले मारपीट की इस घटना में दोनों पक्षों से आधा दर्जन लोग घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल और मेडिकल कॉलेज शिवपुरी में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने इस में दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर से क्रॉस केस दर्ज कर मामले विवेचना शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार मनोज पुत्र मंगू ढीमर उम्र 32 साल निवासी ग्राम ढिमरपुरा ने बताया कि हमारी घर की औरतें शादी पार्टियों में पूडी बेलने की मजदूरी करती है। शंकरपुर के बबलू कुशवाह ने शादी में हमारी घर की औरतों की पूड़ी बेलते हुए वीडियो बनाकर डाल दिये थे जिसकी शिकायत हमने बबलू कुशवाह के पिता से की तो बबलू कुशवाह, नारायण कुशवाह, सुरेन्द्र कुशवाह और रूप सिंह कुशवाह से तो दोनों पक्षों में मुहंवाद के बाद जमकर मारपीट हो गई। इस घटना में एक पक्ष के मनोज, परम्, सोनू और बृजेश ढीमर घायल हो गए वहीं दूसरे पक्ष के 2 लोग नारायण और सुरेंद्र कुशवाह घायल हुए हैं।

# क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय की स्थापना शिवपुरी, गुना एवं अशोकनगर अंचल की उच्च शिक्षा के लिए ऐतिहासिक पड़ाव का समय - प्रहलाद भारती

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी-राज्य शासन द्वारा गुना में स्थापित किए गए नवीन विश्वविद्यालय का नाम ÷तात्या टोपे विश्वविद्यालय गुना÷ रखा गया था. पोहरी से भारतीय जनता पार्टी के पूर्व विधायक एवं पूर्व उपाध्यक्ष मप्र पाठयपुस्तक निगम प्रहलाद भारती ने उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार से मुलाकात विश्वविद्यालय के नामकरण में %तात्या टोपे के नाम के पूर्व प्रीफिक्स के रूप में आदरसूचक शब्द ÷क्रांतिवीर÷ जोड़े जाने का अनुरोध किया था. उच्च शिक्षा मंत्री द्वारा उनकी इस मांग पर सहमति व्यक्त कर शासन द्वारा जारी होने वाले गजट में नामकरण में उनके सुझाव को अमल में लाने का आश्वासन दिया था. राज्य शासन द्वारा 11 मार्च 2024 को जारी किए गए गजट नोटिफिकेशन में विश्वविद्यालय के नामकरण में तात्या टोपे% के नाम के पूर्व प्रीफिक्स क्रांतिवीर जोड़ दिया गया है. अब विश्वविद्यालय का नाम ÷क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय÷ होगा. पूर्व विधायक प्रहलाद भारती ने उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार की इस सकारात्मक पहल के लिए उनका आभार व्यक्त किया है. पूर्व विधायक प्रहलाद भारती ने कहा है कि शिवपुरी, गुना एवं अशोकनगर अंचल के लिए उच्च शिक्षा के क्षेत्र में यह एक ऐतिहासिक पड़ाव का समय है. 1857 के प्रथम स्वाधीनता महासमर के कीर्तिस्तंभ अमर हुतात्मा तात्या टोपे के नाम पर स्थापित इस विश्वविद्यालय के कार्यक्षेत्र के अंतर्गत अब गुना,



अशोकनगर एवं शिवपुरी जिले के सभी सरकारी और प्राइवेट कॉलेज सम्मिलित होंगें. शिवपुरी, गुना और अशोकनगर अंचल के सभी सरकारी एवं प्राइवेट कॉलेजों के विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय संबंधी कार्य की दृष्टि से सुविधा हासिल होगी. शिवपुरी जिले के सभी शासकीय एवं अशासकीय कॉलेजों की संबद्धता भी अब जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर से पृथक होकर क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय गुना में विलय होगी. जुलाई 2024 से प्रारंभ होने जा रहे नवीन शिक्षण सत्र 2024-25 से शिवपुरी, गुना, अशोकनगर अंचल के विद्यार्थियों को डिग्री क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय गुना से प्राप्त होगी. शिवपुरी अंचल के कॉलेज 1964 में जीवाजी विश्वविद्यालय की स्थापना के समय से जीवाजी विश्वविद्यालय से संबद्ध रहे हैं. 1964 से पहले यहां का महाविद्यालय विक्रम यूनिवर्सिटी उज्जैन से संबद्ध हुआ करता था. उच्च शिक्षा के क्षेत्र में यह एक ऐतिहासिक पड़ाव का समय है.

# आज केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया जी के आगमन पर शहर वासियों के लिए रूट डायवर्जन प्लान

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी-माननीय श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया जी केन्द्रीय नागरिक उडड्यन मंत्री भारत सरकार का जिला शिवपुरी आगमन प्रस्तावित होने से दिनांक 15.03.2024 को शहर रूट डायवर्जन प्लान कुछ इस तरह रहेगा जिसमे रेल्वे ओवरब्रिज के भूमिपूजन को दृष्टिगत रखते हुये रूट डायवर्जन दोपहर 01.00 बजे से 04.30 के मध्य रहेगा। इस दौरान पोहरी चौराहा से रेल्वे क्रॉसिंग का रुट समस्त प्रकार के वाहनों हेतु प्रतिवंधित रहेगा।श्योपुर एवं पोहरी की ओर से आने वाली बर्स रेल्वे क्रॉसिंग के पहले स्केगी एवं ग्वालियर व गुना से आने वाली बस सवारियों का परिवहन ग्वालियर नाका से करेंगी।बस स्टैण्ड से पिछोर, नरवर जाने वाली बसें उपरोक्त प्रतिबंध अवधि में यात्रियों के परिवहन हेतु नक्षत्र गार्डन के पास स्थित ग्राउंड का उपयोग करेगी।शहरवासियों से अनुरोध है कि दोपहर 01.00 बजे से 04.30 के मध्य उपरोक्त अनुसार डायवर्जन प्लान का उपयोग सुगम यातायात हेतु करें एवं इस दौरान प्रतिबंधित क्षेत्र पोहरी चौराहा से रेल्वे क्रॉसिंग की ओर जाने से वचें।

शहर वासिसी को उपरोक्त जानकारी जागरूकता एवं जनहित में जारी की जाती है।

# केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया आज शिवपुरी में

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी- केंद्रीय नागरिक उड्डयन एवं इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया 15 तथा 16 मार्च को शिवपुरी जिले के विभिन्न कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ग्वालियर से प्रस्थान कर 15 तथा 16 मार्च को प्रातः 11 बजे स्थानीय पीएस होटल शिवपुरी में आयोजित लोकसभा निर्वाचन से संबंधित बैठकों में भाग लेंगे। अपरान्ह



3 बजे शिवपुरी बस स्टैंड के पास स्थित पोहरी रोड पर रेलवे ओवर ब्रिज का शिलान्यास करेंगे। अपरान्ह 5 बजे पिछोर पहुंचकर छत्रसाल स्टेडियम में स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेंगे। शाम 6 बजे पिछोर के स्थानीय लोगों से चर्चा करेंगे। शाम 7 बजे खनियाधाना पहुंचकर स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसके उपरांत शिवपुरी पहुचंकर रात्रि विश्राम उपरांत प्रातः 11 बजे स्थानीय होटल स्टार गोल्ड शिवपुरी में स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसके उपरांत प्रातः 11.45 बजे कोलारस पहुंचकर स्थानीय होटल न्यू फूलराज कोलारस में स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेंगे। दोपहर 1 बजे लुकवासा पहुंचकर वायपास स्थित न्यू अनाज मण्डी होटल देशी ठाट में स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेंगे। अपराह्न 3 बजे बदरवास पहुंचकर एबी रोड स्थित सिल्वर गोल्डन होटल में स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसके उपरांत गुना के लिए प्रस्थान करेंगे।

## टिकट छिन जाने के डर से बैज खीझ रहे हैं : भाजपा

# प्रदेश अध्यक्ष देव ने कहा : महतारी वंदन योजना लागू होने से सदमे में कांग्रेस

**ब्यूरो चीफ छत्तीसगढ अश्वनी अवस्थी**

रायपुर। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा है कि महतारी वंदन योजना में घोटाले का आरोप लगाकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज दरअसल प्रत्याशी के तौर पर अपनी दावेदारी छिन जाने के डर से उपजी खीझ का प्रदर्शन कर रहे हैं। श्री देव ने कहा कि तीन माह में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश की भाजपा सरकार जिस तेज गति से मोदी की गारंटी% पूरी कर रही है, वह अपने आपमें मिसाल है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बैज को यह हमेशा ध्यान में रखना चाहिए कि जनता के हित के पैसों पर डाका डालकर घपले-घोटाले करने वाली कांग्रेस की पिछली सरकार को जनता ने उसकी सही जगह दिखा दी है।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री देव ने कहा कि महतारी वंदन योजना को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने तथ्यों से परे जाकर जो मिथ्या प्रलाप किया है, उस झाँसे में प्रदेश की मातृ-शक्ति और जनता जनार्दन कतई नहीं आने वाली है क्योंकि प्रदेश की जनता को भाजपा के भ्रष्टाचारमुक्त शासन-प्रशासन और मोदी की गारंटी पर अटूट विश्वास है, और यही विश्वास प्रदेश की सभी 11 लोकसभा सीटों पर भाजपा की जीत सुनिश्चित कर चुकी है। श्री देव ने मिसाल देते हुए कहा कि जिस प्रकार पीलिया के मरीज को हर चीज पीली ही नजर आती है, ठीक उसी प्रकार भ्रष्टाचार और हर सरकारी योजना में घपला-घोटाला करने वाली कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष बैज को भाजपा की योजना में घोटाला ही नजर आ रहा है। बैज को तुरंत अपनी इस बीमारी का इलाज कराने पर ध्यान देना चाहिए। तथ्यहीन आरोप लगाकर अपनी और कांग्रेस की राजनीतिक सेहत से खिलवाड़ करना बैज को शोभा नहीं देता।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री देव ने कहा कि दरअसल कांग्रेस में टिकट को लेकर जैसा घमासान मचा हुआ है, उससे अपनी दावेदारी छिन जाने की खीझ में ऊलजलूल बयान देकर अपने शीर्ष नेतृत्व की नजर में बने रहने की फिजूल कवायद बैज कर रहे हैं। कांग्रेस से इस्तीफा देकर भाजपा प्रवेश का जैसा सिलसिला प्रदेश में चल रहा है, उससे भी बदहवास कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष खुद को असहाय पा रहे हैं। अपना घर जिनसे सम्हल नहीं रहा है, वह भाजपा की नीति और नीयत पर सवाल उठाने का हास्यास्पद उपक्रम कर रहे हैं। श्री देव ने कहा कि भाजपा ने काफी पहले ही प्रदेश के सभी संसदीय क्षेत्रों के लिए उम्मीदवार घोषित कर एक बार फिर अंतर्कलह, हताशा और पराजित मनोबल से जूझती कांग्रेस के लिए कड़ी चुनौती पेश की है। बैज भी मिथ्या प्रलाप करने के बजाय हताशा और पराजित मनोबल के साथ छत्तीसगढ़ में अपनी आखिरी साँसें गिनती कांग्रेस की चिंता करें।

# सहजयोग, मानव की सूक्ष्म शक्तियों को जाग्रत करने की कार्यप्रणाली है



विश्व भर का बुद्धिजीवी वर्ग आज विज्ञान के विकास पर गर्व करता है। हम यह मानते हैं कि विज्ञान के विकास ने अनेक कार्यों को सरल बना दिया है। कुछ सीमा तक यह सत्य भी है। परन्तु एक समानांतर सत्य यह भी है कि विकास के हर चरण के साथ अनेक समस्यायों का उद्भव भी हो रहा है। विकास हमारी सुविधा के लिए है पर मनुष्य इसका दास होता जा रहा है। जीवन की आपाधापी में हम एक पल भी रुककर यह नहीं सोचते कि इस ब्रह्माण्ड का सर्वश्रेष्ठ विकसित यंत्र हम स्वयं हैं। हम अपने कंप्यूटर या रोबोट की विशेषताओं की व्याख्या करते हैं पर यह विचार नहीं करते कि मनुष्य को इतना विकसित व विशेष क्यों बनाया गया है ड़ हमें विकसित करने वाली शक्ति ने हमसे क्या अपेक्षा की होगी ड़ सहजयोग संस्थापिका श्री माताजी निर्मला देवी जी ने इसकी व्याख्या करते हुए कहा है कि, आप सभी प्राणियों में सर्वश्रेष्ठ हैं। आप ईश्वर के कार्य की एक बहुत उन्नत मशीनरी की तरह हैं, बहुत उन्नत, अत्यंत तेज और अत्यंत प्रभावी। पर समस्या है आपका यह मस्तिष्क, यह जब बीच में आ जाता है, जो उस बड़े मस्तिष्क ( परमात्मा ) के आगे कुछ भी नहीं है। आपका दिमाग और कुछ नहीं बस एक छोटे से मच्छर की तरह है, यह इधर-उधर उड़ता है, कहता है, ÷ओह, यह, यह, यह, यह, यह÷ और फिर समस्या शुरू हो जाती है। लेकिन अगर आप वास्तव में अपने भीतर की शक्ति का उपयोग करना शुरू कर देते हैं, तो ईश्वर ने आपको सबसे अच्छा यंत्र बनाया है जिसके बारे में आप सोच सकते हैं। और जैसे-जैसे आप अपनी शक्ति का उपयोग उस ज्ञान और समर्पण या विनम्रता के साथ करना शुरू करते हैं, धीरे-धीरे यह अधिक से अधिक विकसित होने लगता है। सहजयोग आपकी इन्हीं शक्तियों की जागृति व इनसे साक्षात् की कार्यप्रणाली है।आपको बस खुद को स्वीकार करना है, बस इतना ही। सहज योग उतना ही सरल है। आप मेरे सामने एक सरल प्रश्न पूछते हैं- ÷माँ, क्या मैं आत्मा हूँ, क्या मैं स्वयं अपना गुरु हूँड़÷ आप अपने स्वयं के गुरु हैं, लेकिन आपको पहले आत्मसाक्षात्कार प्राप्त करना होगा। इससे पहले, माँ आपकी गुरु होती है, लेकिन एक बार जब आप अपना बोध प्राप्त कर लेते हैं, तो आप अपने स्वयं के गुरु हो जाते हैं । आप विवेक व ज्ञान के प्रकाश में परमात्मा के यंत्र की भांति काम करने लग जाते हैं और तब न कोई समस्या रहती है न ही अभाव। आप स्वयं भी प्रकाशित होते हैं और अपने संपर्क में आने वाले अनेकानेक लोगों को प्रकाशित करते हैं।आप अपने आत्म साक्षात्कार को प्राप्त करने हेतु अपने नजदीकी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 से प्राप्त कर सकते हैं या वेबसाइट पर देख सकते हैं।

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक की अध्यक्षता में लोकसभा निर्वाचन 2024 को लेकर सभी कोषांग के वरीय पदाधिकारी के साथ बैठक की गइ

दुमका। सोमवार को समाहरणालय सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे की अध्यक्षता में लोकसभा निर्वाचन 2024 को लेकर सभी कोषांग के वरीय पदाधिकारी,प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, सभी थाना प्रभारी के साथ बैठक की गयी।बैठक में उन्होंने लोकसभा निर्वाचन-2024 को लेकर सभी आवश्यक तैयारियों को ससमय पूरा करने तथा निर्वाचन से संबंधित सभी संबंधित रिपोर्ट जल्द से जल्द समर्पित करने का निदेश दिया।उन्होंने कहा कि संवेदनशील तथा अति संवेदनशील मतदान केंद्र की मैपिंग कर जल्द से जल्द रिपोर्ट समर्पित करें।उन्होंने कहा कि प्राप्त निदेश के आलोक में सभी मतदान केंद्रों पर न्यूनतम मूलभूत सुविधा होना अनिवार्य है।जिले के सभी मतदान केंद्रों पर बिजली,पानी, शौचालय, रैंप तथा पर्याप्त सांख्य में फर्नीचर उपलब्ध रहे इसे सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनिश्चित करें।मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर न्यूनतम मूलभूत सुविधा




सुनिश्चित करें ताकि मतदाताओं तथा मतदान दल को मतदान केंद्र में किसी प्रकार की कठिनाई नहीं हो।मतदान केंद्र पर बिजली से चलने वाले सभी उपकरण यथा पंखा, बल्ब चालू अवस्था मे रहे इसे सुनिश्चित करें।किसी प्रकार की कोई कमी दिखे तो तुरंत दुरुस्त कर लें।उन्होंने कहा कि निरीक्षण के दौरान किसी भी मतदान केंद्र पर न्यूनतम मूलभूत सुविधाओं का आभाव नहीं रहे इसे सुनिश्चित करें।जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने निदेश दिया कि अगर किसी भी मतदान केंद्र को बदलने तथा रिलोकेशन करने की आवश्यकता है तो राजनैतिक दल के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर संबंधित प्रस्ताव जल्द से जल्द समर्पित करें।उन्होंने कहा कि अन्य राज्यों से सटे सीमावर्ती क्षेत्रों यथा सरैयाहाट,रानेश्वर एवं शिकारीपाड़ा में जल्द से जल्द चेक पोस्ट बनाये जाएं।उक्त चेकपोस्ट पर 24×7 पुलिस पदाधिकारी एवं दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की जाय एवं उक्त चेकपोस्ट पर वाहनों की जांच की जाय।चेकपोस्ट पर वेब कास्टिंग की भी व्यवस्था सुनिश्चित की जाय।उन्होंने निदेश दिया कि बीडीओ,सीओ एवं डीएसपी बैठक कर सुरक्षा बल के प्रतिनियुक्ति से संबंधित योजना तैयार कर लें।बाहर से आने वाले सुरक्षा बल के जवानों के आवासन सहित अन्य व्यवस्थाओं की सभी आवश्यक तैयारी कर ली जाय।बैठक में पुलिस अधीक्षक, उप विकास आयुक्त आदि उपस्थित थे।

# - कोतवाली नगर एटा पुलिस को मिली बडी सफलता, नगर क्षेत्र में हुई चोरी की घटना का सफल अनावरण, दो अंतर्राज्यीय शातिर चोर गिरफ्तार,

**तालों की चाबी बनाने के बहाने बनाते थे घरों को निशाना, 88200 रुपये व सोने के आभूषण (कीमत करीब 3.50 लाख रुपए) बरामद।**

**घटना का विवरण** -दिनांक 10.03.2024 को वादी श्री राजीव वर्मा द्वारा थाना कोतवाली नगर पर इस आशय की सूचना दी गई कि उनके घर से अज्ञात चोरों द्वारा कुल 88200 रुपये व सोने के आभूषण चोरी कर लिए गए हैं। इस सूचना पर थाना कोतवाली नगर पर मुअसं-102/24 धारा 380 भादवि बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया।

**अनावरण तथा गिरफ्तारी** - दिनांक 11.03.2024 को थाना कोतवाली नगर एटा पर गठित टीम द्वारा चैकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर समय करीब 11.50 बजे गंजडुण्डवारा रोड धान मील के पास से दो शातिर अंतर्राज्यीय चोरों को चोरी किए गए माल 88200 रुपये व सोने के आभूषणों सहित गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध थानास्तर से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**महत्वपूर्ण तथ्य** – 1. अभियुक्तगण महाराष्ट्र तथा मध्य प्रदेश के रहने वाले हैं तथा तालों की चाबी बनाने का



कार्य करते हैं।

2. ये उत्तर प्रदेश में आकर अलग-अलग शहरों में जाकर गलियों आदि में घूम-घूम कर चाबी बनाने के नाम पर घरों की रैकी करते हैं।3. साथ



ही मौका पाकर मकान मालिकों की नजरों से बचते हुए चोरी कर लेते हैं।

4. पूछताछ में अभियुक्तों द्वारा अन्य जनपदों तथा राज्यों में इस प्रकार के अपराधों का किया जाना स्वीकार किया गया है। जिसके सम्बन्ध में जानकारी की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का नामपता** –

1. नानक सिंह पुत्र इन्दर सिंह निवासी राजगढ थाना राजगढ जिला धार, मध्य प्रदेश
2. शमशेर सिंह पुत्र ओमकार निवासी नन्दुरवार थाना नन्दुरवार जिला नन्दुरवार, महाराष्ट्र

**बरामदगी का विवरण** –

1. कुल 88200 रु02. सोने के आभूषण (दो सोने की चैन, दो अंगूठी, दो मंगलसूत्र के पैण्डल, 8 सोने के मूंगा, 04 नोजपिन) कीमत करीब 03.50 लाख रुपए

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम** –

1. प्र0नि0 श्री अरुण पवार कोतवाली नगर एटा
2. उ0नि0 अश्वनी शर्मा कोतवाली नगर
3. का0 443 जयवीर सिंह कोतवाली नगर
4. कां0 1313 अंकुर मलिक कोतवाली नगर
5. का0 1295 कृष्ण गोपाल कोतवाली नगर
6. का0 1287 सतेन्द्र सिंह कोतवाली नगर
7. का0 1294 राहुल लौर कोतवाली नगर

# वार्ड 2 की टीम ने आसान और वार्ड 7 की टीम ने कड़े मुकाबले में प्रतिद्वंदी टीम को हराया

## नगर परिषद द्वारा वार्ड स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट में मैच देखने उमड़ी भीड





**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भितरवार।नगर परिषद द्वारा आयोजित वार्ड स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट में गुरुवार को दो मैच खेले गए जिसमें वार्ड क्रमांक 2 ने आसान और वार्ड 7 की टीम ने कड़े मुकाबले में अपनी प्रतिद्वंदी टीम को हराकर जीत दर्ज की। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर शुरू हुए मेला में नगर परिषद द्वारा पं दीनदयाल स्टेडियम में वार्ड स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है। टूर्नामेंट में दूसरे रोज पहला मैच वार्ड क्रमांक 2 और 6 के बीच खेला गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर परिषद उपाध्यक्ष मन्नू यादव ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। खेले गए इस मैच में पहले टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए वार्ड 6 की टीम ने निर्धारित 14 ओवर में 121 रन बनाए। वहीं दिए गए इस लक्ष्य को हासिल करने बेटिंग करने उतरी वार्ड 2 की टीम के ओपनर बल्लेबाजों ने धुंआधार बल्लेबाजी करते हुए शानदार चौके छक्के लगाए। ओपनर बल्लेबाज गुल्लन शर्मा के 57 और गौरव पवैया के शानदार 56 रनों की बदौलत वार्ड 2 की टीम ने 10 ओवर में ही लक्ष्य प्राप्त कर आसान जीत दर्ज की। वहीं इसके बाद विद्युत मंडल और वार्ड 7 के बीच मैच हुआ। खेले गए इस मैच में पहले बेटिंग करने उतरी विद्युत मंडल की टीम ने निर्धारित 14 ओवर में 120 रन बनाए। वहीं दिए गए इस लक्ष्य को हासिल करने उतरी वार्ड क्रमांक 7 की टीम ने कड़ा संघर्ष करते हुए अंतिम ओवर 13.4 ओवर में 121 रन बनाकर जीत हासिल की। खेले गए दोनों मैचों में सर्वाधिक रन और विकेट लेने वाले खिलाड़ी पुष्पेंद्र पवैया,गुल्लन शर्मा,विवेक गौतम,आकाश अग्रवाल को अतिथियों द्वारा पुरुषकृत किया गया। इस अवसर पर नगर परिषद उपाध्यक्ष मन्नू यादव, विजेता टीम के कप्तान पार्षद गजब सिंह रावत, सीएमओ बाबूलाल कुशवाह,पार्षद अजय यादव,धर्मेंद्र अग्रवाल,जशवंत कुशवाह,भाजपा नेता श्रीकृष्ण यादव,कैलाश खटीक,दिनेश भटेले,खेर सिंह आदि उपस्थित थे।

# नव उन्नति संस्था की मासिक बैठक संम्पन्न



**ब्यूरो सोनू कुमार माथुर पुष्पांजली टुडे**

एटा नव उन्नति फाउंडेशन संस्था की मासिक बैठक 13 मार्च को श्री गणेश का पूजन मार्ल्यापण कर शिकोहाबाद रोड हाजीपुर स्थित कार्यालय कमला सदन में संस्था संरक्षिका वरिष्ठ समाज सेविका श्रीमती बबिता जैन की अध्यक्षता में सम्पन्न हुयी जिसमें संस्था सचिव श्री मती पूनम यादव ने संस्था की प्रगति रिपोर्ट से अवगत कराया एवं आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा की गयी । उन्होंने कहा कि हमें हमेशा निःस्वार्थ रूप से गतिमान रहते हुये दुसरों की सहायता के लिए हमेशा तत्पर रहना चाहिए । संस्था सामाजिक, शैक्षिक , सांस्कृतिक, आध्यात्मिक एवं समसमायिक विषय पर सभी पद्याधिकारियों के साथ विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से जनजागृति हेतु समाज को लाभान्तित करने हेतु संकल्पित रहेगी । बैठक में मुख्य रूप से अध्यक्ष विनेश जैन उप सचिव कीर्ति परमार कोषाध्यक्ष अधिवक्ता योगेश सक्सेना गुंजन सिंह अबधेश कुमार आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# ग्वालियर सांसद विवेक नारायण शेजवलकर का एकाउंट हैक, सऊदी अरब के हैकर ने डाले अश्लील कंटेंट



सोशल मीडिया एकाउंट हैक करना, वेबसाईट हैक करना उसका साइबर अटैक करना आज के डिजिटल दौर में बहुत सामान्य बात हो गई है, हैकर अपने किसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए ऐसा करते हैं लेकिन यदि किसी राजनेता का एकाउंट हैक होता है और उसपर अश्लील कंटेंट डाले जाते है तो उसे मानसिक वेदना होती है, ग्वालियर सांसद विवेक नारायण शेजवलकर के साथ भी ऐसा ही हुआ है।

ग्वालियर के भाजपा सांसद विवेक नारायण शेजवलकर का सोशल मीडिया ङ्ग एकाउंट को हैक कर लिया गया है सऊदी अरब में बैठे हैकर ने एकाउंट को हैक कर उस पर अश्लील कंटेंट अपलोड किया हैं, हैकर ने सांसद शेजवलकर की डीपी हटाकर बुरका पहने लड़की का फोटो लगाया है।

**सऊदी अरब के हैकर ने सांसद के एकाउंट पर डाले अश्लील कंटेंट** – हैकर ने अरबी/उर्दू भाषा में पूरे एकाउंट को बदल दिया है यानि जो कंटेंट डाली गई है उसके बारे में अरबी/ उर्दू में ही जानकारी है, हैकर ने बॉडी मसाज, स्पा के अश्लीलील डियो अपलोड किये है, एकाउंट हैक होने के बाद सांसद की चिंता बड़ गई उन्होंने इसकी शिकायत की, वे एकाउंट को रिकवर करने के लिए साइबर एक्सपर्ट की मदद ले रहे हैं, उनका कहना है कि जल्दी ही एकाउंट रिकवर हो जायेगा।

# ज्योतिरादित्य सिंधिया के सामने लोकसभा चुनाव लड़ने के सवाल पर बोले दिग्विजय सिंह, पार्टी जो आदेश देगी उसका पालन करेंगे



लोकसभा चुनावों की तारीखों की घोषणा कभी भी हो सकती है, भाजपा कांग्रेस टिकटों को लेकर मंथन कर रही है , इस बीच नेता मीडिया के सवालों केजवाब में अपनी इच्छा भी खुलकर बता रहे हैं, कोई अपनी पसंदीदा सीट को छोड़कर कहीं नहीं जाना चाहता तो कोई नेता कह रहा है कि पार्टी जो आदेश देगी उसका पालन करेंगे।मध्य प्रदेश की सियासत में महाराजा और राजा के नाम से चर्चित ज्योतिरादित्य सिंधिया और दिग्विजय सिंह के बीच क्या इस बार लोकसभा में मुकाबला होगा ये सवाल इस समय प्रदेश की सियासत में गरमाया हुआ है, गुना शिवपुरी लोकसभा सीट सिंधिया की पारंपरिक सीट है पिछले बार का चुनाव छोड़कर वे यहाँ से सभी लोकसभा चुनाव जीते हैं और दिग्विजय सिंह गुना जिले की राघोगढ़ विधानसभा में रहते हैं।भाजपा ने सिंधिया को गुना से लोकसभा का प्रत्याशी बनाया है अब चर्चा ये चल रही है कि उनके सामने कांग्रेस का कौन उम्मीदवार होगाड़ आज मंगलवार को ग्वालियर पहुंचे दिग्विजय सिंह से मीडिया ने जब सिंधिया के सामने चुनाव लड़ने का सवाल किया तो दिग्विजय सिंह ने कहा ङ्क हम तो कांग्रेस के साधारण कार्यकर्ता हैं पार्टी जो आदेश देगी उसका पालन करेंगे, नरोत्तम मिश्रा और डॉ गोविन्द सिंह की मुलाकात को दिग्विजय ने पुराने मित्र बताते हुए इसे सामान्य मुलाकात बताया।

**बरैया का दावा कि भिंड से वे चुनाव सौ प्रतिशत जीतेंगे** –उधर दतिया जिले की भांडेर विधानसभा सीट से कांग्रेस विधायक फूलसिंह बरैया का नाम भी भिंड लोकसभा सीट से चर्चा में हैं, मीडिया ने जब उनसे चुनाव लड़ने पर सवाल किया तो बरैया ने कहा कि पार्टी यदि मुझे भिंड से प्रत्याशी बनाती है तो मैं चुनाव लडूंगा और जीतूँगा भी, विधानसभा चुनावों की तरह ही लोकसभा में भी कोई घोषणा के सवाल पर उन्होंने कहा कि मैं इस समय कोई घोषणा नहीं कर रहा क्योंकि पार्टी ने जब मेरी पहले नहीं सुनी तो अब क्या सुनेगी।

पार्टी छोड़कर जाने वाले नेताओं के लिए क्या बोले बरैया-पार्टी छोड़कर भाजपा ज्वाइन करने वाले या फिर कांग्रेस नेताओं की भाजपा से मुलाकात के सवाल पर फूलसिंह बरैया ने कहा कि कोई कहीं भी जाये इससे कोई फर्क नहीं पड़ता उन्होंने कहा कि मेरा दावा है , कांग्रेस का कोई नेता भाजपा में जाता है यो उसका वोट उसके साथ नहीं जाता, इसलिए इससे कोई फर्क नहीं पड़ेगा पार्टी को।

# 12 मार्च 2024 मंगलवार को सृष्टि सेवा संकल्प, ग्वालियर जिले की जिला बैठक चार शहर का नाका ग्वालियर में आयोजित हुई

**महेंद्र शर्मा उपसंपादक**
**पुष्पांजलि टुडे**



ग्वालियर। के सी शर्मा जी से प्राप्त जानकारी अनुसार बैठक में सृष्टि सेवा संकल्प के संगठक(प्रचारक) श्री प्रशांत जी गुप्ता भाईसाब का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। बैठक में दिनेश जी गुप्ता, शिवचरण जी पारासर, अरुण जी शर्मा, मुकेश जी श्रीवास्तव, कालीचरण जी शर्मा, लखनलाल जी शर्मा, पवन जी तोमर, शक्ति जी गोड, पारख जी गुप्ता, पंकज जी मॉर्य, हेमंत जी त्रिवेदी, रणवीर जी राजपूत, गौरव जी राजपूत, सौरव जी लोधी, अभिषेक जी लोधी, उपस्थित रहे।बैठक का संचालन सुनील जी राजपूत ने किया। बैठक में वृक्षों के प्रति समाज का भाव जागरण हो इस विषय पर चर्चा की गई। जिसमें वृक्षों की सेवा करने हेतु साप्ताहिक वृक्ष सेवा कार्य के नियमित संचालन की विशेष योजना बनी।

बैठक के मुख्य बिंदु तय किए गए

(1) संगठन विस्तार को लेकर योजना बनाई गई।

(2)सेवानिवृत्त लोगों की सूची बनाना व उनसे संपर्क करना तथा उन्हें भी सृष्टि सेवा संकल्प से जोड़ना।

(3) प्रति रविवार सुबह 8 से 10 बजे तक सूर्यमंदिर बिरला हॉस्पिटल के पास वृक्षों की सेवा हेतु साप्ताहिक वृक्ष सेवा कार्य की योजना।

(4) प्रत्येक सृष्टिसेवक ने अपना एक वृक्ष नाम भी रखा।

# विधिक जागरुकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन

**ब्यूरो सोनू कुमार माथुर**
**पुष्पांजली टुडे**



एटा राष्टीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में माननीय जनपद न्यायाधीश एवं सचिवअपर जिला जज श्री मान कमालुद्दीन के निर्देशानुसार दिनांक14 मार्च 2024 को मॉडल प्राइमरी स्कूल पुलिस लाइन एटा में पराविधिक स्वयं सेविका श्री मती पूनम यादव द्वारा विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया जिसमें छात्र-छात्राओं को शिक्षा की उपयोगिता को बताते हुए बच्चों को कानूनी सलाह एवं उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया ।भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाएं जैसे कन्या सुमंगला योजना, सुकन्या समृद्धि योजना बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ एवं स्पॉन्सर योजना की जानकारी प्रदान की एवं बेटियों की सुरक्षा हेतु चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पुलिस हेल्पलाइन 112 के बारे में विस्तारपूर्वक बताया । इसी श्रृंखला में पराविधिक स्वयं सेविका प्रीति ने बच्चों को गुड टच और बेड टच के बारे में बताया कार्यक्रम में मुख्य रूप से विद्यालय की प्रधानाचार्या नीता सिंह समस्त शिक्षकगण, कर्मचारीगण एवं अधिक संख्या में छात्र छात्रायें उपस्थित रहे ।

# नई कलेक्टर का एक्शन, अवैध उत्खनन में शामिल 1 जेसीबी, 4 डम्पर, 5 ट्रैक्टर व एक लोडर सहित 10 वाहन जब्त

मध्य प्रदेश के सख्त निर्देश के बाद भी माफिया द्वारा खनिज पदार्थों का अवैध उत्खनन उत्खनन जारी है, ग्वालियर जिले की कमान सँभालने वाली कलेक्टर रुचिका चौहान ने चार्ज लेने के दो दिन बाद अपने तेवर दिखाए और एक संयुक्त टीम बनाकर अवैध खनिज उत्खनन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की, उन्होंने पहली ही बैठक में अवैध उत्खनन के खिलाफ विशेष मुहिम चलाने के निर्देश दिए थे।

नई कलेक्टर का एक्शन, अवैध उत्खनन में शामिल 1 जेसीबी, 4 डम्पर, 5 ट्रैक्टर व एक लोडर सहित 10 वाहन जब्त

जिला प्रशासन का एक्शन अवैध उत्खनन में लिप्त 10 वाहन जब्त

कलेक्टर रुचिका चौहान के निर्देश पर आज जिला प्रशासन, खनिज विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने छापामार कार्रवाई कर मुरम के अवैध उत्खनन में लिप्त एक जेसीबी, चार डम्पर, पाँच ट्रैक्टर व एक लोडर सहित कुल 10 वाहन जब्त किए हैं। साथ ही खनिज अधिनियम के तहत पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज कराए गए हैं।

नई कलेक्टर रुचिका चौहान के निर्देश संयुक्त टीम ने की कार्रवाई



कलेक्टर के निर्देश पर संयुक्त टीम ने मऊ-विक्रमपुर क्षेत्र में छापामार कार्रवाई की। इस दौरान अवैध उत्खनन करते पाए गए 10 वाहन जब्त किए हैं। जब्त किए गए वाहनों को पुलिस थाना महाराजपुरा में पुलिस अभिरक्षा में रखवाया गया है। इस कार्रवाई के लिये गई संयुक्त टीम ने एसडीएम ग्वालियर सिटी अतुल सिंह, एसडीएम मुरार अशोक सिंह चौहान, खनिज अधिकारी प्रदीप भूरिया, सहायक खनिज अधिकारी राजेश गंगेले व घनश्याम सिंह यादव एवं संबंधित तहसीलदार, आरआई, पटवारी एवं पुलिस बल शामिल था।आरोपियों पर पुलिस में स्त्रढ्ढक्र दर्ज, जब्त वाहन होंगे राजसात जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध उत्खनन के खिलाफ विशेष मुहिम लगातार जारी रहेगी। अवैध उत्खनन में लिप्त लोगों के खिलाफ खनिज अधिनियम एवं शासन के अन्य प्रावधानों के तहत कठोर कार्रवाई की जायेगी। साथ ही अवैध उत्खनन करते हुए जो वाहन जब्त होंगे उन्हें विधिक प्रक्रिया के अनुसार राजसात करने की कार्रवाई भी की जायेगी।

**ग्वालियर में बड़े स्तर पर होता है अवैध उत्खनन कारोबार** –गौरतलब है कि ग्वालियर जिले में अवैध खनिज उत्खनन के साथ साथ अवैध पत्थर उत्खनन, अवैध मुरम उत्खनन और अवैध रेत उत्खनन का कारोबार बहुत होता है, हालाँकि जिला प्रशासन ने छापामार कार्रवाई करता है लेकिन अफसरों की मिलीभगत से ये व्यापार बेड़ौड़ चलता है , अब नई कलेक्टर रुचिका चौहान ने सोमवार को चार्ज सँभालने के तीसरे ही दिन आज अपने इरादे माफिया को बता दिए हैं अब उम्मीद की जा सकती है कि ग्वालियर जिले की खनिज संपदा सुरक्षित रहेगी ।

# मानहानि से जुड़े मामले में दिग्विजय सिंह को बड़ी राहत, एमपी–एमएलए कोर्ट ग्वालियर ने किया बरी



दरअसल 2019 में चुनावी दौरे के दौरान दिग्विजय सिंह ने मीडिया से बात करते हुए भाजपा, आरएसएस और बजरंग दल पर पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के गंभीर आरोप लगाये थे, उन्होंने कहा था कि पाकिस्तान की ड्डिड़या एजेंसी आईएसआई उन्हें इसके बदले पैसे देती है। दिग्विजय सिंह के आरोपों के बाद एडवोकेट एवं भाजपा नेता अवधेश सिंह भदौरिया ने ग्वालियर जिला न्यायालय की विशेष अदालत में मानहानि के लिए परिवाद दायर किया था।

भाजपा, आरएसएस और बजरंग दल पर पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई से संबंध रखने के मामले में मानहानि प्रकरण का सामना कर रहे पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को आज ग्वालियर की एमपी- एमएलए कोर्ट ने बरी कर दिया, इस मामले में दोनों पक्षों के बयान पहले ही दर्ज हो चुके थे आज केवल फैसले का दिन था और कोर्ट ने दिग्विजय सिंह को आरोपों से दोषमुक्त कर दिया।ग्वालियर जिला न्यायालय की स्पेशल एमपी एमएलए कोर्ट ने आज अपने फैसले में पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य दिग्विजय सिंह को मानहानि से जुड़े मामले में बड़ी राहत प्रदान की, विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट महेंद्र सैनी की कोर्ट में सुनवाई के बाद आज फैसला देते हुए कोर्ट ने धारा 499 के नौवे सेक्शन के आधार पर दिग्विजय सिंह को बरी कर दिया।

**कोर्ट ने धारा 499 के तहत दिग्विजय सिंह को किया बरी** –दिग्विजय सिंह के वकील ने कहा कि दिग्विजय सिंह पर आरोप गाने वाले एडवोकेट अवधेश सिंह भदौरिया ने दिग्विजय सिंह पर जो आरोप लगाये थे वो झूठे सिद्ध हुए इसलिए कोर्ट ने उन्हें बरी कर दिया, उन्होंने कहा कि एडवोकेट अवधेश सिंह भदौरिया ना तो भाजपा के सदस्य है, ना आरएसएस और ना बजरंग दल के सदस्य हैं, उनके द्वारा चर्चा का विषय बनाने के लिए ये परिवाद दायर किया गया था जो झूठा साबित हुआ।

**दिग्विजय सिंह बोले ङ्क मैं अच्छा टारगेट इसलिए मुझ पर केस करते हैं** –उधर दिग्विजय सिंह ने कहा कि मुझे कोर्ट ने आज दोषमुक्त कर दिया है, उन्होंने कहा कि मेरे ऊपर 6 मामले चल रहे हैं इनमें से अभी पांच और बचे है इनमें आरएसएस ने मानहानि, दो ओवैसी की पार्टी ने किये है एक बाबा रामदेव ने किया है, ये जितने भी केस हैं वो इसलिए है कि मेरा कहा सच चुभता है। उन्होंने कहा कि मैंने बाबा रामदेव को 2011 में ठग कहा था अब तो सुप्रीम कोर्ट ने भी उन्हें ठग कह दिया है, बार बार टारगेट किये जाने के सवाल पर दिग्विजय सिंह मैं अच्छा टारगेट हूँ इसलिए मुझे बार बार टारगेट करते हैं।

**ये है पूरा मामला** –दरअसल 2019 में चुनावी दौरे के दौरान दिग्विजय सिंह ने मीडिया से बात करते हुए भाजपा, आरएसएस और बजरंग दल पर पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के गंभीर आरोप लगाये थे, उन्होंने कहा था कि पाकिस्तान की ड्डिड़या एजेंसी आईएसआई उन्हें इसके बदले पैसे देती है। दिग्विजय सिंह के आरोपों के बाद एडवोकेट एवं भाजपा नेता अवधेश सिंह भदौरिया ने ग्वालियर जिला न्यायालय की विशेष अदालत में मानहानि के लिए परिवाद दायर किया था।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478